भाद्रपद शुक्ल पक्ष-8, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 80 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

10 सितम्बर 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page- 7

## दीक्षांत समारोह में सीएम ने कहा-अब जीवन यात्रा के नए पड़ाव की ओर छात्र

# ऑनलाइन डिजिटल डिग्री व मार्कशीट देने वाला देश का पहला विवि बना बीयू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विवि का दीक्षांत समारोह आज अलग रंग में हुआ। इसमें छात्र व शिक्षक पारंपरिक वेशभूषा में सजे नजर आए। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने विवि के विद्यार्थियों को ऑनलाइन डिजिटल मार्कशीट और डिग्री प्रदान करने की व्यवस्था का शुभारंभ भी किया। विवि छात्रा तनु गुलाटी को डिग्री और अनुपमा कुजूर को पीएचडी की उपाधि डिजिटल स्वरूप में प्रदान की गई। इसी के साथ राजधानी का बरकतउल्ला विवि विद्यार्थियों को ऑनलाइन डिजिटल मार्कशीट और डिग्री उपलब्ध कराने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है। मुख्यमंत्री ने इस नवाचार के लिए विश्वविद्यालय को बधाई और शुभकामनाएं दी। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा अन्य उच्चतर एकेडमिक स्तरों पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। दोनों ने सामरिक और योग पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन भी किया। राज्यपाल व कुलाधिपति श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा कला, वाणिज्य, शारीरिक शिक्षा, शिक्षा, अभियांत्रिकी, तकनीकी शिक्षा, गृह विज्ञान ,जीव विज्ञान ,विधि ,विज्ञान, समाज विज्ञान सहित अन्य संकायों के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2022-23 की पीएचडी की उपाधियां मंच से प्रदान की गई । कुलाधिपति महोदय से संकाय तथा विभाग अध्यक्षों द्वारा स्नातकोत्तर व स्नातक स्तर पर योग्य विद्यार्थियों को डिग्री व उपाधियां प्रदान करने की अनुमति भी प्राप्त की गई।



### निशुल्क मिलेंगी डिग्रिया: सीएम

मुख्यमंत्री यादव ने इस मौके पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को उपाधियां निशुल्क रूप से प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के अध्ययन अध्यापन से दीक्षित होने के बाद संसार से जुड़ने का महत्वपूर्ण पड़ाव है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि विद्यालय के बाद विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह हमको अपने आप में इस संसार के साथ एक अपनी अभी तक की जीवन यात्रा के नए पड़ाव की तरफ जाने के लिए अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान घोषणा की कि भविष्य में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सभी पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क उपाधि प्रदान करेगा। इससे पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पीएम उषा योजना के तहत बीयू को 100 करोड़ रूपए मिलने पर बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा युवाओं को उनकी मौलिक प्रतिभा को निखारने का अवसर देते हुए विकसित भारत के निर्माण की महत्ती जिम्मेदारी सौंपी है। मैं चाहूंगा कि शिक्षक इस दिशा में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें।

### कैबिनेट बैठक में कई फैसलों के आसार

आज अपरांह मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक भी हो रही है। इसमें कैबिनेट एक दर्जन प्रस्तावों पर विचार कर रही है। तबादलों को लेकर पिछली बैठक में मंत्रियों की राय जानने के बाद आज इस पर सीएम कोई फैसला दे सकते हैं। इसके अलावा जिलों के परिसीमन के बारे में लिये गये निर्णय से भी मंत्रियों को अवगत कराया जा रहा है।

## मंदसौर से कांग्रेस का ट्रैक्टर मार्च शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

किसानों को समर्थन मूल्य सहित अन्य कई मांगों और समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा



किसान न्याय यात्रा आज से शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंदसौर जिले में उस स्थान से यात्रा की शुरूआत की जहां सात साल पहले प्रदर्शन के दौरान कई किसानों की मौत हुई थी। उन्होंने ट्रैक्टर रैली द्वारा सांठखेड़ा पहुंचकर वहां आमसभा संबोधित किया। इससे पहले सुबह देवरिया पहुंचकर वहां खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाने से पीड़ित किसान कमलेश पाटीदार से मुलाकात भी की। किसान न्याय यात्रा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने कई कांग्रेसी नेताओं और विधायकों को जिलों का प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी है। ज्ञात हो कि कांग्रेस ने अवैध टोल के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी है।

## कांग्रेस ने मांगी संसद की 6 समितियों की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी का अभी तक बंटवारा नहीं हुआ है। कुल 24 पार्लियामेंट्री कमेटी (लोकसभा-राज्यसभा) हैं। इन कमेटी में सांसदों को उनकी पार्टी को मिली सीटों के आधार पर शामिल किया जाता है। कांग्रेस ने इस बार 6 स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्षता की मांग की है।जबकि सरकार 4 देने को राजी है। इसमें डिफेंस और फाइनेंस कमेटी शामिल है। सरकार कांग्रेस को विदेश मामलों की समिति की अध्यक्षता दे सकती है। इसके अलावा केंद्र सरकार डीएमके को एक कमेटी की अध्यक्षता मिल सकती है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव एजुकेशन से जुड़ी कमेटी की अध्यक्षता कर सकते हैं।

## सीएस ने पूछा आपको संशय क्यो, छुट्टियां निरस्त कीं

# 9 कलेक्टरों ने बिना दस्तखत के चैक भेजे, सीएस ने ली क्लास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश भर में रेडक्रास सोसाइटी की मदद से जन औषधि केंद्र खोले जाने है, इन केंद्रों के लिए जिला कलेक्टरों के साइन वाले खाली चेक की जरूरत थी, सभी कलेक्टरों ने खाली चेकों पर साइन कर दिए, लेकिन प्रदेश के 9 कलेक्टरों ने दस्तखत नहीं किए। इस पर सीएस वीरा राणा ने जब इन कलेक्टरों से वजह पूछी तो पता चला कि खाली चेक थे और कलेक्टरों को संशय था कि कहीं कोई उनका गलत उपयोग न कर ले। इस पर सीएस ने कहा कि जब बाकी कलेक्टरों को तो ऐसा नहीं लगा, फिर आपको ऐसा क्यों महसूस हुआ। इसके बाद कलेक्टरों ने गलती स्वीकारी और जल्द चेक भेजने की बात कही।



दरअसल, मुख्य सचिव वीरा राणा ने कई विषयों पर कलेक्टर व पुलिस के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में यह बात कही और उन 9 कलेक्टरों की क्लास ली। उक्त केंद्रों को खोलने के लिए इन कलेक्टरों ने बिना साइन किए चेक भेज दिए थे।

### अवकाश रद्द

**जानकार सूत्रों का कहना है कि सीएस ने राजस्व व पुलिस संभागों के कमिश्नर, पुलिस रेंज के आईजी, जिलों के कलेक्टर और एसपी की छुट्टियां रद्द कर दी है। त्यौहार व बारिश के शेष सीजन को देखते हुए यह निर्देश दिए गए। अब ये मैदानी अधिकारी दो महीने में चौबीसों घंटे संभाग व जिलों में रहकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने की ड्यूटी निभाएंगे। पूर्व से जिन्होंने अवकाश ले रखा था वह भी रद्द कर दिया है। हालांकि विषम परिस्थितियों में अवकाश मिलेगा।**

## गौरीकुंड के पास भूस्खलन से धार के दो श्रध्दालुओं की मौत

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।**

उत्तराखंड में केदारनाथ हाईवे पर सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच पैदल तीर्थ यात्रियों का दल भूस्खलन की चपेट में आ गया। अब हादसे में मरने वालों की संख्या 4 हो गई है, जिनमें 2 मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। गंभीर घायलों को गुप्तकाशी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इनमें भी एक धार निवासी है। आज सुबह तक मलबे रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। मृतकों में दुर्गाबाई ( 50 ) धार और गोपाल ( 50 ) राजोद, जिला धार के हैं। 45 वर्षीय छगनलाल भी राजोद के हैं जो घायल हैं। दरअसल, बीती 31 जुलाई को केदारघाटी में आई आपदा में भी यहां भूस्खलन से 150 मीटर मार्ग ध्वस्त हो गया था। इसके बाद से लगातार पहाड़ी से पत्थर व मलबा गिर रहा है और मार्ग खतरनाक बना हुआ है।



## अजमेर में भी रेल पटरियों पर सीमेंट के ब्लॉक रखे मिले

**अजमेर, एजेंसी।**

दो दिन पहले कानपुर में साजिश के बाद अब राजस्थान के अजमेर में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच 2 स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ। राजस्थान में ट्रेन को बेपटरी करने की यह साजिश तीसरी बार अंजाम दी गई है। यह मामला भी उसी रात का है,जब कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को सिलेंडर व पेट्रोल के डब्बे रखकर रोकने की कोशिश हुई थी। पुलिस जांच में जुट गई है। मौके पर पाया गया कि पटरी पर टूटा ब्लाक है फिर एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूटकर साइड में पड़ा था।



दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे। इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की।

## पांचवा आदमखोर भेड़िया भी जाल में फंसा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में आदमखोर भेड़ियों ने 35 से ज्यादा गांवों में आतंक का माहौल बना रखा है। भेड़ियों के हमले में अबतक 9 बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हैं। अब इनमें से एक और आदमखोर भेड़ियें को पकड़ लिया गया, इस तरह अभी तक पांच भेड़ियें पकड़ में आ चुके हैं और अब वन विभाग छठे भेड़ियें की तलाश में है। वन विभाग ने सिसैया चूणामणि हरबक्शपुरवा गांव से आदमखोर को पकड़ा है। भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग ने जाल, पिंजरे और ड्रोन कैमरे लगवाए थे. यहां पुलिस और वन विभाग की टीमें दिन-रात गश्त कर रही हैं ताकि भेड़ियें बच्चों को शिकार न बना पाएं। यहां लोग रात में चैन की नींद नहीं ले पाते हैं। रातभर जागकर अपने परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं।:::



## मप्र में भारी बारिश का रेड अलर्ट,तीन दिन मूसलधार

**भोपाल/ नई दिल्ली, एजेंसी।**

मौसम विभाग ने आज से राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 25 राज्यों में बारिश की संभावना जताई है। इनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में रेड अलर्ट है। मप्र में बीते 2 दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 लोगों की मौत हुई है। विदिशा के बेतवा नदी में 5 लोग डूब गए। सीहोर में दिगंबर वाटरफॉल पर पिकनिक मनाने आए एक डॉक्टर की डूबकर मौत हो गई। भोपाल में आज कलियासोत व कोलार बांध के गेट खोले गये। बताया जाता है कि मप्र में सितंबर का सबसे स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। यह 12 सितंबर तक बरसात करायेगा। आज पांढुर्णा और मंडला में आकाशीय बिजली चमकने के साथ अति भारी बारिश होने की संभावना जताई है। छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर के अमरकंटक में भारी बारिश की संभावना है। भोपाल, विदिशा में मध्यम बारिश जारी रह सकती है।



**मेट्रो एंकर**

## अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के सवालों पर राहुल गांधी का जवाब

# आरक्षण खत्म करने पर तब कांग्रेस सोचेगी...

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौर पर जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में आरक्षण को लेकर कहा कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब देश में निष्पक्षता होगी। फिलहाल देश में ऐसी स्थितियां नहीं हैं। राहुल ने यूनिवर्सिटी के छात्रों के इस सवाल कि, जाति के आधार पर आरक्षण कब तक जारी रहेगा, के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप वित्तीय आंकड़ें देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपये में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपये में से 5 रुपए मिलते हैं और ओबीसी को भी लगभग इतनी ही धनराशि मिलती है। लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्हें भागीदारी नहीं मिल रही है। देश के 90 फीसदी लोगों को समान अवसर नहीं मिल रहे हैं, हर एक बिजनेस लीडर की सूची देखें और मुझे आदिवासी, दलित का नाम दिखाएं या ओबीसी का नाम दिखाएं। मुझे लगता है कि शीर्ष 200 में से एक ओबीसी है। आरक्षण सिर्फ एक टूल नहीं और भी टूल हैं।



यूनिफॉर्म सिविल कोड के सवाल पर राहुल ने कहा कि वह बीजेपी के प्रस्ताव की जानकारी होने पर ही इस पर टिप्पणी कर सकेंगे। क्योंकि बीजेपी जो प्रस्ताव रख रही है, उसे अभी देखा नहीं है। राहुल ने कहा- हमें नहीं पता कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं, इसलिए इस पर टिप्पणी करने का कोई मतलब नहीं है। इससे पहले राहुल ने वर्जीनिया में प्रवासी भारतीयों के बीच कहा कि बीजेपी और आरएसएस यह नहीं समझते कि यह देश सभी का है। आरएसएस कहती है कि कुछ राज्य अन्य राज्यों की तुलना में कमतर हैं. कुछ भाषाएं अन्य भाषाओं से कमतर हैं।

### लोकसभा चुनाव ने डर खत्म कर दिया....

राहुल ने आज अमेरिका में कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद कुछ बदल गया है। अब डर नहीं लगता। डर निकल गया है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने इतना डर फैलाया, छोटे व्यवसायियों पर एजेंसियों पर दबाव बनाया, सब कुछ सेकेंड में गायब हो गया। खबरों के अनुसार उन्होंने कहा, 'उन्हें यह डर फैलाने में सालों लग गए और कुछ सेकेंड में सब गायब हो गया। संसद में, जब मैं प्रधानमंत्री को सामने देखता हूं तो मैं बता सकता हूं मोदी के विचार, 56 इंच का सीना, भगवान से सीधा संबंध, यह सब अब खत्म हो गया है, यह सब अब इतिहास बन गया है।' राहुल ने कहा कि मुझे मोदी से नफरत नहीं बल्कि हमदर्दी है।



## पोस्टमार्टम की तैयारियों की बात पर उठ बैठा मुर्दा !

**जबलपुर ।** यहां के सरकारी अस्पताल में अचानक हुए एक घटनाक्रम ने सभी को अचरज में डाल दिया। दरअसल दुर्घटना में घायल एक युवक की गंभीर स्थिति पर उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कालेज रेफर किया। स्वजनों को लगा कि युवक की जीवन समाप्त हो गया। उसका मेडिकल कालेज में पोस्टमार्टम होगा। लिहाजा युवक को एंबुलेंस से स्वजन मेडिकल कालेज लेकर जाने के लिए निकले। इधर, उनके कुछ परिचितों ने युवक की अंतिम संस्कार की तैयारी आरंभ कर दी। तभी अस्पताल से सूचना आयी कि युवक जीवित है। इससे पहले सड़क दुर्घटना में घायल युवक को जब एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया तो चिकित्सकों ने देर रात जांच के बाद युवक की स्थिति अति गंभीर व उसे ब्रेन डेड तक बताया था।



## मणिपुर में सड़कों पर उतरी महिलाएं

**इंफाल ।** मणिपुर में प्रदर्शनकारियों पर ड्रोन हमले के विरोध में बीती रात महिलाओं ने इम्फाल में मशाल जुलूस निकाला। ये लोग डीजीपी व सिक्योरिटी एडवाइजर को हटाने की मांग कर रहे हैं। इम्फाल के थांगमीबंद में प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मशालें और पोस्टर लेकर नारे लगाते हुए मार्च किया। इससे पहले सोमवार को ही प्रदर्शनकारियों ने राजभवन पर पथराव किया था।




भोपाल के प्रशासन अकादमी के सामने सड़क खुदी पड़ी है इसके कारण जाम लग रहा है और लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं 6 नंबर रोड पर गाड़ियां खड़ी होने के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

### फिर खुलेंगे तीनों बांधों के गेट

# राजधानी की तगड़ी घेराबंदी अगले 4 दिन भारी बरसात के

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में बारिश की एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने लगा है। इसके चलते आज तडके से जमकर पानी बरसा,यह सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में रात से ही बारिश हो रही है। ऐसे में भोपाल के 3 डैम- भदभदा, कलियासोत और केरवा के गेट फिर से खुलने के आसार हैं। मंगलवार सुबह से तेज बारिश के दौर में राजधानी के सभी इलाकों समेत उपनगर कोलार व कटारा समेत कई इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक बारिश होने का अनुमान जताया है।

राजधानी में अब तक 43.9 इंच बारिश हो चुकी है। यूं तो सोमवार शाम से ही बारिश का दौर शुरू हो गया था। मंगलवार सुबह फिर से बारिश होने लगी। मंगलवार और बुधवार को तेज बारिश का अलर्ट है। भोपाल के पास कोलार डैम समेत केरवा, भदभदा और कलियासोत डैम में पानी निर्धारित लेवल के करीब है। कैचमेंट एरिया में पानी गिरते ही गेट खोल दिए जाएंगे। पिछले सप्ताह ही 3 दिन तक गेट खुले रहे थे।



#### 117प्रतिशत बारिश अब तक

**भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। यह आंकड़ा इससे 17 प्रतिशत पानी ज्यादा गिर चुका है। यानी, अब तक सीजन की 117 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। अगले चार दिन जो बारिश होगी, वह भी बोनस के रूप में ही रहेगी। सितंबर में अच्छी बारिश होती है। 65 साल पहले वर्ष 1961 में पूरे महीने 30.2 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है। अबकी बार भी सितंबर की शुरुआत तेज बारिश से हुई है। सितंबर में करीब 7 इंच पानी गिरने का ट्रेंड है। इस बार अब तक 4 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है।**

## भाषा को ठीक करने के लिए साहित्य के संपर्क में रहना होगा:कुलगुरु प्रो.सुरेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में नवागत विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सारंग ने प्रतीक चिह्न, शॉल और श्रीफल भेंट कर कुलगुरु का सम्मान किया। कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ) के. जी. सुरेश ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए भाषा, समसामयिक विषयों पर पक? और समयबद्ध काम करने का अनुशासन ही मंत्र है। प्रो. सुरेश ने पत्रकारिता की बिगड़ती भाषा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने विद्यार्थियों को भाषा को लेकर सजग रहने की नसीहत देते हुए कहा कि भाषा को ठीक करने के लिए साहित्य के संपर्क में रहना होगा। इस मौके पर विभाग के प्रोफेसर संजय द्विवेदी ने कहा कि आने वाले समय में जनसंचार के क्षेत्र में तीन 'वी' प्रमुख हैं- वीडियो, व्यायस (आवाज) और वर्नाकुलर यानी बोली। इन्हीं तीनों क्षेत्रों में जनसंचार का विकास होना है। इस मौके पर




विद्यार्थियों की ओर से तैयार प्रायोगिक पत्र पहल का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. लाल बहादुर ओझा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार, विभाग के समन्वयक डॉ. प्रदीप डहेरिया, डॉ उर्वशी परमार, डॉ गरिमा पटेल सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## सर्वधर्म में पानी की गलत लाइन बिछाने का आरोप, अधीक्षण यंत्री से शिकायत

**भोपाल।** कोलार के वार्ड 82 में सर्वधर्म कॉलोनी में सर्वधर्म बी सेक्टर में विशाल मेगा मार्ट से लेकर सर्वधर्म पुल तक की और सभी दुकानों के अंदर कोरिडोर में से लगाई गई नगर निगम जल विभाग की पानी की पाइपलाइन को गलत बिछाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ ने नगर पालिका निगम भोपाल के जल विभाग शाखा के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग से शिकायत की है और कोलार जोन 18 के जल विभाग के एई और सब इंजीनियर पर कार्रवाई करने की मांग की है कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ का कहना है कि सर्वधर्म बी सेक्टर के हीरो शोरूम को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए दुकानों के कॉरिडोर से आ रही पानी की पाइपलाइन सभी व्यापारियों की दुकान के आगे लगाने के बाद और व्यापारियों एवं रहवासियों के विरोध के बावजूद जल विभाग द्वारा हीरो शोरूम पर मोड़कर कोलार सिक्सलेन मुख्यमार्ग की बनने वाली नाली से जोड़ दिया गया है जो कि नियम विरुद्ध है, पूरी तरह गलत है और यह भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

## सड़क पर मवेशी, हो रही दुर्घटनाएं, कलेक्टर-आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल शहर में लापरवाह पशुपालकों की वजह से मवेशी सड़क पर घूमने के मामले में संज्ञान लिया है।मामले में आयोग ने कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही शहर की सड़कों पर पशुपालकों के मवेशियों के कारण हो रही समस्या के समाधान के लिए की गई प्रभावी कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। साथ ही जन सुरक्षा, निर्बाध यातायात तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अपेक्षित वैधानिक कार्यवाही के सम्बन्ध में स्पष्ट प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, भोपाल जिले में पशुपालकों की लापरवाही की वजह से मवेशी सड़क पर घूम रहे है। इस कारण आम नागरिकों की जान को खतरा बना हुआ है। सड़क पर मवेशियों के बैठे होने से वाहन चालक के साथ सड़क दुर्घटनाएं हो रही है।

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया मामले में संज्ञान, रिपोर्ट भी तलब**

## जनपरिषद ने नीलू को सम्मानित किया



**भोपाल ।** जन परिषद की कोर कमेटी में , जन परिषद के महासचिव , वरिष्ठ कर्मचारी नेता एवं समाजसेवी अजय श्रीवास्तव नीलू को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर , सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी एवं अरुण खरे का जन्मोत्सव भी मनाया गया । कार्यक्रम में रामजी श्रीवास्तव, पत्रकार रघुवीर तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव, दुर्गेश रायकवार, मोहन अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।

## सोशल मीडिया पर लाइक, शेयर करने में बनते हैं फुटप्रिंट:आसिया

**हिरदाराम नगर.** नवनिध एवं मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के 11वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए साइबर हमलों और साइबर अपराधों को लेकर विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में किप्स लर्निंग कंपनी की सॉफ्ट स्किल्स विशेषज्ञ आसिया शाहीन एवं उनके सहयोगियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आपने बताया कि हम सोशल मीडिया पर जो भी पोस्ट करते हैं, शेयर करते हैं या लाइक करते हैं उससे हमारे फुटप्रिंट बनते हैं जो कि क्लाउड में या डेटाबेस में स्टोर होते हैं। इसका कई बार युवा पीढ़ी पर दुष्प्रभाव देखने में आता है। उन्होंने कहा कि वे सोच समझ कर अपनी पोस्ट,लाइक और शेयर करें। अपने



स्टेटस को हमेशा प्राइवेट रखें। किसी अन्य के साथ शेयर न करें।

विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने शाल और श्रीफल से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हिमांशी लालवानी ने किया।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह

**जीवन शिक्षा कोई नहीं छीन सकता: सिद्धभाऊजी**

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

समर्पण और ईमानदारी सफलता की नींव हैं। कोई भी आपसे आपकी शिक्षा नहीं छीन सकता। यदि हम सच्चे और समर्पित नहीं हैं, तो हम विद्या धन को प्राप्त नहीं कर सकते। यह विचार संत सिद्धभाऊजी ने व्यक्त किए। वे संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज एवं संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज फॉर वीमेन में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में बोल रहे थे। समारोह में प्रो. रवि शंकर भारद्वाज, वरिष्ठ वैज्ञानिक, एमपीसीएसटी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। संत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी और नेचुरोपैथी कॉलेज के प्रिंसिपल



डॉ. हेमांशु शर्मा ने कहा कि विद्या के साथ-साथ संस्कार संस्थान का ध्येय है। भाऊजी ने छात्राओं से कहा कि वे सार्थक मित्रता का छोटा समूह बनाए रखें और जीवन में आत्म-अनुशासन को महत्व दें।

मुख्य अतिथि भारद्वाज ने कहा कि एक सच्चा शिक्षक सिर्फ एक मार्गदर्शक नहीं होता, बल्कि वह मस्तिष्क और आत्मा को आकार देने वाला होता है। एक शिक्षक जुनून और आंतरिक शक्ति प्रदान करता है, और शिक्षकों का भविष्य निर्माण में गहरे प्रभाव की ओर इशारा किया।

**यह मौजूद रहे:** इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सदस्य मनोहर वासवानी, थावर वरलानी, भगवान दामानी, भगवान बाबानी के साथ समस्त शिक्षिकाएं, ऑफिस स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## संस्कार की पूर्व प्राचार्या ने लिखी 'फणीश्वर नाथ रेणु' विमोचित

**हिरदाराम नगर।** संस्कार विद्यालय में विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा एक पुरस्कत ''फणीश्वर नाथ रेणु'' का विमोचन किया गया। पुस्तक की लेखिका डॉ. प्रतिमा लच्छवानी है, जो संस्कार विद्यालय में पूर्व प्राचार्या थी। लच्छवानी ने इस पुस्तक में कवि के व्यक्तित्व का आधुनिक परिवेश में सृजन बताया है।



इस पुस्तक में उपन्यासों के कथानक से लेकर भाषा शैली का विस्तार एवं संवाद की गहराई भी अधिक है यह पुस्तक रेणु जी के साहित्य का मनोमंथन है। कार्यक्रम में उपस्थित श्री रामेश्वर शर्मा द्वारा श्रीमती प्रतिमा लच्छवानी द्वारा लिखित पुस्तक की प्रशंसा की गई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बंसत चेलानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, कोषाध्यक्ष चन्द्र नागदेव, सहित्यकार नारी लच्छवानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, संस्था के सदस्य नारायणदास लालवानी, विद्यालय प्राचार्य आर.के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

**मेट्रो एंकर** | महापौर ने कहा- वन ट्री हिल्स रोड बनाई जाएगी

# बोरवन रोड होगा 'नानकराम मार्ग': आलोक

### संतनगर में याद किया गया समाजसेवी नानकराम वाधवानी को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

समाजसेवी और भाजपा नेता श्री नानक राम वाधवानी को उनके जन्म दिन पर सोमवार को याद किया गया। महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, वरिष्ठ नेता रघुनंदन शर्मा, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी व समाजसेवी, बुद्धिजीवियों एवं विशिष्ठजनों ने बोरवन पार्क में लगी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने बोरवन पार्क रोड का नाम नानकराम वाधवानी की स्मृति को चिर स्थायी बनाने नानकराम



मार्ग रखने की घोषणा की । वन ट्री हिल्स की रोड के निर्माण के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा ने महापौर राय से कहा, जिस पर महापौर ने रोड निर्माण नगर निगम द्वारा किए जाने की घोषणा की।

इस अवसर वाधवानी के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके सामाजिक व्यक्तित्व, राजनीतिक व्यक्तित्व को रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा संतनगर में भाजपा को मजबूत किले में तब्दील करने के लिए वाधवानी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में वासदेव वाधवानी, कर्नल नारायण पारवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, शिक्षाविद विष्णु गेहानी, दिनेश वाधवानी, राजेन्द्र मनवानी, कमल प्रेमचंदानी, मनोज वाधवानी, नरेन्द्र लालवानी, बसंत चेलानी व अन्य विशिष्ठजन मौजूद थे।

## हिरदारामजी के 119 वें अवतरण दिवस पर पर 119 फ्री ऑपरेशन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में संत हिरदाराम साहिब जी के 119वें जन्मदिवस 21 सितम्बर 2024 को 119 निर्धन नेत्र रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जायेंगे । मोतियाबिंद पीड़ित निर्धन रोगियों का



टेलीफोन पर पंजीयन शुरू हो गया है। ये नेत्र रोगी पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 4 बजे तक रविवार छोड़कर अन्य कार्यदिवसों में 19 सितम्बर 2024 तक मोबाइल नंबर 6260392547 पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

ऑपरेशन करवाने के इच्छुक व्यक्तियों को 20 सितम्बर को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में स्वयं उपस्थित होकर ऑपरेशन पूर्व की सभी जांचें करवाना अनिवार्य होगा । जो रोगी उस दिन ये जांचें नहीं करवा पायेंगे, अगले दिन उनका ऑपरेशन करना संभव नहीं हो सकेगा । संत हिरदारामजी के उत्तराधिकारी संत सिद्ध भाऊजी ने संतनगर सहित राजधानी भोपाल और आसपास के ग्रामीण अंचलों में निवासरत मोतियाबिंद पीड़ित निर्धन रोगियों को इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है । सेवा सदन के प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने रोगियों को अपने साथ अपना आधार कार्ड और अपना मोबाइल नम्बर लेकर आने का भी आग्रह किया है ।

# विशेषज्ञ बोले- वास्तविक तथ्यों पर प्रशासनिक इकाईयों का परिसीमन हो, तब ही होगा फायदा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बीना को जिला बनाने की उठी मांगों के बीच अब प्रदेश के सभी जिले, संभाग व अन्य प्रशासनिक इकाईयों की सीमाओं का निर्धारण नए सिरे से किए जाने वाला काम आग बढ़ गया है लेकिन इसमें कई दांव, पेच भी है, इनमें से सरकार और आयोग के पदाधिकारी हिचके तो मामला गड़बड़ हो जाएगा और मंशा के विपरित जनता को लाभ की जगह नुकसान भी हो सकता है।**

असल में विशेषज्ञ मानते हैं कि जिस तरह मोहन सरकार ने खुले मन से पुरानी इकाईयों के गठन में कमियों को स्वीकारते हुए आयोग बनाया है, उसी निष्ठा से वास्तविकता के आधार पर परिसीमन होना चाहिए। विशेषज्ञों ने इसके लिए जनसंख्या को आधार बनाने की बात कही है, लेकिन उसके आंकड़े भी पुराने हो गए हैं क्योंकि 2011 में जनगणना हुई थी ऐसे में आधार कार्ड पंजीयन के डाटा को आधार बनाया जा सकता है। वास्तविक हकीकत जानने के लिए अधिक से अधिक भ्रमण किया जाना होगा। यही नहीं विशेषज्ञों का मानना है कि प्रारूप बनाने के बाद ही नहीं, बल्कि उसके पहले भी जनता को सुना जाना चाहिए, इसके लिए प्रभावी सिस्टम तैयार किया जाना चाहिए। आधुनिक तकनीकियों का उपयोग हो। तभी बात बनेगी।



आयोग भौगोलिक आधार पर संभाग, जिला, तहसील, जनपद व विकासखंड की सीमाओं का नए सिरे से निर्धारण और ऐसी नई प्रशासनिक इकाईयों के प्रस्ताव तैयार करेगा, प्रस्तावित इकाईयों के लिए नए सिरे से शासकीय सेवकों की जरुरत का प्रारूप करेगा और इकाईयों के लिए प्रदेश भर में भ्रमण कर सुझाव लेगा।

## यह है फैक्ट

- 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की जनसंख्या 7.27 करोड़ थी।- जनसंख्या वृद्धि दर के आधार पर 2023 की जनसंख्या 8.77 करोड़ होने का अनुमान।

- जनगणना 2011 के मुताबिक प्रदेश का जनसंख्या घनत्व 236 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था, जो राष्ट्रीय औसत 382 से कम है।

- प्रदेश में सबसे ज़्यादा जनसंख्या घनत्व वाला जिला भोपाल था, जहां प्रति वर्ग किलोमीटर 855 लोग रहते थे।

- सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला ज़िला डिंडौरी था, जहां प्रति वर्ग किलोमीटर 94 लोग रहते थे।- प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 3,08,252 वर्ग किलोमीटर है। देश के कुल क्षेत्रफल मप्र का हिस्सा 9.38 प्रतिशत है।

## अभी प्रदेश में 55 जिले

प्रदेश में अभी 55 जिले हैं, मप्र के सबसे पहले 1956 में हुए गठन के समय 43 जिले बने थे और 1998 तक इनकी संख्या 61 हो गई। लेकिन फिर 2000 में छत्तीसगढ़ अलग हुआ तो जिलों की संख्या 45 हो गई थी। फिर 2003 में 3, 2008 में 2, 2013 में 1, व 2018 में 1 में नया जिला बनाया और जिलों की संख्या 52 हो गई। वर्ष 2023 में मऊगंज, पांढूर्णा, मैहर को नया जिला बनाया गया और जिलों की संख्या 55 हो गई है।

## आयोग के बारे में जाने

तीन सदस्य होंगे, इन्हीं में से एक अध्यक्ष होगा, जिन्हें कम से कम 20 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव होना चाहिए। एक सचिव अथवा प्रशासनिक अधिकारी भी होगा। मुख्यालय भोपाल में होगा। 5 सदस्यीय तकनीकी व सलाहकार टीम की नियुक्ति व अन्य 4 पदों पर संविदा व आउटसोर्स पर भर्ती कर सकेगा। लेखापाल के 1 पद, कम्प्यूटर आपरेटर के 5 पद व 5 भृत्य संविदा व आउटसोर्स पर रखे जाएंगे।

## दिग्विजय के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के संबंध में की गई टिप्पणी के विरोध में पूरे प्रदेश में दिग्विजय सिंह का पुतला जलाया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने इंदौर, सांवेर, उज्जैन नगर व ग्रामीण और देवास में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का बयान सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा का अपमान नहीं है, बल्कि ये भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और अनुसूचित जाति का अपमान है, जिसे अनुसूचित जाति मोर्चा सहन नहीं करेगा। भाजपा अजा मोर्चा ने प्रदेश भर में दिग्विजय सिंह का पुतला जलाकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# सीएम राइज, उत्कृष्ट, मॉडल स्कूलों के लिए काउंसलिंग का आज अंतिम दिन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों के लिए शिक्षकों के चयन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को काउंसलिंग से रह गए शिक्षकों को मंगलवार को बुलाया गया है। ?विभाग ने इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने दिशा-निर्देश के साथ 14 हजार शिक्षकों की सूची जारी की है। इसमें 8,272 नवनियुक्त शिक्षकों के नाम शामिल हैं। वहीं 5887 उन शिक्षकों के नाम शामिल किए गए हैं, जो दो साल पहले सीएम राइज स्कूलों में पदस्थापना के लिए आयोजित परीक्षा पास कर चयनित हुए हैं। इसमें 2021 के आठ हजार नवनियुक्त शिक्षक और सीएम राइज स्कूलों के लिए चयनित करीब छह हजार शिक्षकों की पदस्थापना



की जाएगी। सूची में अधिकतर संस्कृत,पर्यावरण अध्ययन और गणित विषय के शिक्षकों के नाम शामिल हैं। हालांकि इस सूची में भी कई विसंगतियां शामिल है,जिसमें सीएम राइज स्कूलों में पहले से पदस्थ शिक्षकों का नाम भी सूची में शामिल है। इन्हें भी काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है।

## सांची विवि में आयोजित कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** नालंदा बिहार का प्राचीनतम विश्वविद्यालय है। इसे कुषाण व गुप्त के बाद पाल ने बनवाया था। इसमें कोरिया, जापान, मंगोलिया, तिब्बत व अन्य दक्षिण एशियाई देशों से छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते थे। यह बात सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में बिहार के प्राचीनतम विश्वविद्यालय विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. अतुल वर्मा ने कही। डॉ. वर्मा ने साइट पर मिलने वाले अवशेषों के कई फोटोग्राफर भी दिखाए। उन्होंने बताया कि नालंदा विवि में हजारों की तादाद में छात्र पढ़ते थे और यहां पर 1000 से अधिक बुद्धिस्ट मॉन्क्स (बौद्ध भिक्षु) तथा शिक्षकों के सेल्स(कक्ष) बने पाए गए।

# आज अतिथियों को किया जाएगा आवंटन, 11 से देनी होगी ज्वाइनिंग

### शैक्षणिक सत्र में रिक्त पदों के लिए की जा रही अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू की है। इस व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जीएफएमएस पोर्टल में शाला विकल्प चयन की कार्यवाही सोमवार तक की गई है। शाला विकल्प चयन के बाद मेरिट के आधार पर आवेदकों को विद्यालय का आवंटन 10 सितंबर को किया जायेगा। इसके बाद आवेदकों द्वारा आवंटित विद्यालय में उपस्थिति में 11



सितम्बर से शुरू हो जायेगी। शाला प्रभारी जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइन किये गये अतिथि शिक्षक का प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से 14 सितम्बर 2024 तक पूरा करेंगे। इस संबंध में जारी परिपत्र में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूल में भेजा गया है। दिशा-निर्देश की प्रति स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है।

# सचिवों को जिले मिले दत्त को भोपाल का प्रभार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस के प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह द्वारा मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी संगठन में कार्य के लिए जिलेवार क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारियां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिवों और संयुक्त सचिव (मप्र प्रभारी) को आवंटित की गई है।सचिव मप्र प्रभारी संजय दत्त को मप्र के अंतर्गत झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, भोपाल, शाजापुर, आगर मालवा, उज्जैन, देवास, इंदौर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन जिलों में दत्त के साथ समन्वय बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सेवादल को भी शामिल किया गया है। चंदन यादव को श्योपुर, मुरैना, भिण्ड, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, विदिशा, रायसेन, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, पन्ना और जबलपुर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। आनंद चौधरी को रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़, सीहोर, होशंगाबाद, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिण्डौरी, अनूपपुर आदि जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मंत्री सारंग ने निर्माण को लेकर अधिकारियों की ली उच्चस्तरीय बैठक

# जल्द शुरू होगा छोला फ्लाईओवर का निर्माण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा में भोपाल के प्राचीनतम श्री खे?ापति हनुमान मंदिर के विस्तृत स्वरूप श्री खे?ापति हनुमान कॉरिडोर अंतर्गत छोला फ्लाईओवर के निर्माण के सम्बंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने कहा है कि फ्लाईओवर निर्माण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र ही काम प्रारंभ किया जाये। यह फ्लाईओवर गणेश मंदिर छोला रोड से खेड़ापति हनुमान मंदिर के बाद और निशातपुरा स्टेशन के पहले तक बनेगा।



**रोजाना लाखों लोगों को मिलेगा लाभ:** मंत्री सारंग ने बताया कि यह पहला फ्लाईओवर होगा जो दो रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए जायेगा। अभी विदिशा, भानपुर चौराहा और खेड़ापति हनुमान मंदिर जाने वालों को दो-दो अंडरब्रिज से जाना पड़ता है। बड़े वाहन इन अंडरब्रिज से निकल नहीं पाते हैं इसलिए घूमकर जाना पड़ता है। फ्लाईओवर के बन जाने के बाद भोपाल स्टेशन से छोला व आसपास के क्षेत्र में आने जाने वाले लाखों यात्रियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से छोला अंडर ब्रिज पर जाम की स्थिति समाप्त होगी। साथ ही पुराने शहर से नए शहर की ओर आवागमन के लिये यात्रा सुलभ होगी।

**खेड़ापति हनुमान लोक का आकर्षण होगा फ्लाईओवर:** मंत्री सारंग ने कहा कि खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के ऊपर से यह विशाल फ्लाईओवर गुजरेगा। इस फ्लाईओवर की खास बात यह है कि यह आर्च नुमा रूप में होगा। फ्लाईओवर का निर्माण यूनियन कार्बाइड के पास स्थित काली परेड से अयोध्या बायपास तक किया जाएगा।

# वन विभाग के खिलाड़ियों की खेल सुविधा में विस्तार करेगी सरकार : वन मंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन मंत्री रामनिवास रावत ने कहा कि वन विभाग के खिलाड़ियों की खेल सुविधा में विस्तार के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। जीवन में स्वस्थ रहने के लिये खेल बहुत आवश्यक है। वन विभाग के अमले को स्मार्ट रहना बहुत जरूरी है, जिससे कि वह वनों की सुरक्षा अच्छे से कर सकें। खेल भावना से प्रेरित होकर कार्य करने से कार्य-क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे हम वनों के संरक्षण और पर्यावरण को बनाये रखने के लिये अपनी भूमिका का निर्वाह अच्छे से कर पायें। वन मंत्री रावत आज तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित 27वीं राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता-2024 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वन मंत्री ने कहा कि जो प्रतिभागी प्रतियोगिता में सफल नहीं हो पाये हैं, उन्हें भी मैं उनके प्रयास के लिये धन्यवाद देता हूँ और आगे वे भी अपनी लगन को बनाये रखें। उन्हें भविष्य में जरूर सफलता प्राप्त होगी। वन मंत्री श्री रावत ने कहा कि वन



विभाग के फील्ड के अमलों को सप्ताह में एक बार खेल प्रतियोगिएँ आयोजित की जानी चाहिये। मंत्री श्री रावत ने समापन कार्यक्रम में राज्य स्तरीय वन खेल प्रतियोगिता में विजेता खिला?ियों को शील्ड एवं मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों से कहा कि आगे भी भविष्य में वन विभाग की प्रतियोगिता में नियमित रूप से भाग लें। उन्होंने कहाकि मैं राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में उपस्थित होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि रायपुर, छत्तीसगढ़ में 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें।

**मेट्रो एंकर**

### पहले चरण में प्रदेश के 52 स्कूलों में होगी नियुक्ति

# स्कूलों में कारपोरेट कल्चर: प्राचार्य के साथ अब मैनेजर भी होंगे नियुक्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

किसी कारपोरेट कंपनी तरह स्कूलों में भी व्यवस्था लागू होगी। प्राचार्य और शिक्षकों के साथ यहां पर भी मैनेजर नियुक्त किए जाएंगे। ये प्रबंधन से जुड़े काम देखेंगे। पहले चरण में 52 स्कूलों को चुना गया है। राज्य ओपन बोर्ड ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए इस पर कार्ययोजना तैयार की है। बोर्ड के मुताबिक स्कूलों के प्रबंधन और गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों का अधिक समय नष्ट हो जाता है। जिसके चलते वे बच्चों की पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पाते। इसे देखते हुए गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए अलग से प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति की तैयारी है। जो कि स्कूल के मैनेजमेंट से जुड़े हुए काम देखेगा। सैनिक कल्याण बोर्ड से स्कूलों के मैनेजमेंट संभालने वालों का चयन किया जाएगा। पहले चरण में प्रदेश के 52 स्कूलों में यह प्रयोग होने जा रहा है। सरोजनी नायडू में हुई थी नियुक्ति, विवाद के बाद हटाया- राजधानी के सरोजनी नायडू स्कूल में ऐसे एक मैनेजर की नियुक्ति की जा चुकी है। लेकिन इस पर हुए विवाद के बाद उसे हटा दिया गया। अब नए सिरे से इस पर तैयारी की जा रही है। वहीं राज्य ओपन बोर्ड डायरेक्टर पीआर तिवारी ने बताया कि स्कूलों में गैर शैक्षणिक कार्यों को संभालने के लिए राज्य ओपन बोर्ड यह प्रयोग करने जा रहा है। इससे प्राचार्यों को मदद मिलेगी। बच्चों को पढ़ाने पर वे ज्यादा फोकस कर पाएंगे। ये प्रशासनिक अधिकारी की तरह होंगे। स्कूल प्राचार्य को रिपोर्ट करेंगे।



## स्टूडेंट्स को नहीं करना होगा महीनों तक इंतजार, रिजल्ट जारी होने के साथ ही बीयू के छात्रों को मिलेगी डिजिटल अंकसूची

**भोपाल.** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अब डिग्री और अंकसूची के लिए महीनों का इंतजार खत्म हो जाएगा। रिजल्ट जारी होने के साथ ही छात्रों को उनकी अंकसूची के साथ डिजिटल डिग्री भी प्राप्त होगी। छात्रों को डिजिटल डिग्री प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसमें उन्हें अपनी अकादमिक योग्यता, कॉलेज का नाम आदि जानकारी प्रदान करनी होगी। सत्यापन के बाद, बीयू डिजिटल डिग्री सर्टिफिकेट जारी करेगा। विश्वविद्यालय ने नई और पुरानी डिग्रियों को ऑनलाइन संग्रहित करने का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल डिग्री जारी करना एक महत्वपूर्ण कदम है और यह पूरी तरह से टीम वर्क के तहत किया जाएगा।

**डिजिटल डिग्री की सुविधाएं:** डिजिटल डिग्री के माध्यम से स्टूडेंट्स को विश्वविद्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे समय की बचत होगी। यदि छात्रों को जरूरत हो, तो वे निश्चित भुगतान करके डिजिटल डिग्री डाउनलोड कर सकेंगे। इसके अलावा, वे चाहें तो बाद में प्रिंटेड डिग्री भी ऑफलाइन प्राप्त कर सकते हैं, इसके लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं करना होगा।

**वर्तमान स्थिति:** वर्तमान में, विश्वविद्यालय को रोजाना करीब 800 माईग्रेशन और 400 से 500 डिग्री के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि छात्रों को सही समय पर सहायता नहीं मिल पा रही है, न ही आईटी सेल से पर्याप्त रिस्पांस मिल रहा है।



## संपादकीय

# युध्द रूकने के प्रबल आसार

एक अनथक और अनचाहे युध्द के रुकने की जमीन तैयार होती नजर आ रही है। इसके संकेत रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में दिए, कि अगर यूक्रेन चाहे तो वह बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने संभावित मध्यस्थ के रूप में भारत सहित कुछ देशों के नाम भी सुझाए। उनके इस बयान ने ढाई साल से चले आ रहे इस युद्ध की समाप्ति की संभावनाएं जगाई हैं। इसके साथ ही एक स्तर पर रूस की इस पेशकश को भारत के अब तक के स्वतंत्र और संतुलित नजरिए की पुष्टि के रूप में भी देखा जा सकता है। वैसे खुद पुतिन ने संभावित मध्यस्थ के रूप में तीन देशों- भारत, चीन और ब्राजील- के नाम लिए, लेकिन जैसा कि बाद में उनके प्रवक्ता की ओर से दिए गए बयान से साफ हुआ, इनमें भारत की भूमिका ही प्रमुख मानी जा रही है। रूसी राष्ट्पति के प्रवक्ता ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत युद्ध में शामिल दोनों ही पक्षों से सीधे सूचनाएं हासिल कर इस प्रक्रिया को अगुआई देने की स्थिति में है। अन्य कोई देश इस स्थिति में नहीं दिख रहा। इसके पीछे भारत का दोनों ही पक्षों से सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने का आग्रह, पीएम मोदी की दुनिया के नेताओं से बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री डेवलेप करने की क्षमता और हर हाल में देश हित पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित नीति पर टिके रहने की प्रतिबद्धता का जिक्र किया जा सकता है। पिछले दो महीने के अंदर रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा पर जाने वाले पीएम मोदी दुनिया के एकमात्र प्रमुख नेता हैं। पुतिन और वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों से मुलाकात में उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताते हुए बातचीत शुरू करने का सुझाव दिया था। पुतिन से पहले यूक्रेनी राष्ट्पति जेलेंस्की भी भारत से शांति प्रक्रिया को बढ़ावा देने का परोक्ष आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि उसे अगले शांति सम्मेलन की मेजबानी करनी चाहिए। हालांकि उन्हें मालूम था और बाद में उन्होंने कहा भी कि मेजबानी वही देश कर सकता है, जिसने पहले शांति सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य में हस्ताक्षर किया हो। भारत शांति सम्मेलन में शामिल जरूर हुआ था, लेकिन संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से उसने इस आधार पर इनकार कर दिया था कि इसमें रूस की भागीदारी नहीं है। बहरहाल अब खबरें हैं कि प्रधानमंत्री मोदी इसी महीने अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद ये उनकी पहली यूएस यात्रा होगी। रूस और यूक्रेन यात्रा के बाद उनका ये अमेरिका दौरा बेहद अहम है। वे 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विलमिंगटन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का गृहनगर है।यह क्वाड शिखर सम्मेलन में इस अलायंस के सभी मौजूदा नेताओं का एक साथ आखिरी जमावड़ा होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि बाइडेन और जापान के फूमियो किशिदा दोनों ही अपने पद से हट रहे हैं। यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 2025 में इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। लेकिन अमेरिका यात्रा के कुछ अन्य हासिल भी हो सकते हैं,क्योंकि रूस व अमेरिका के बीच की तनातनी और यूक्रेन को मदद का मामला भी महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर जरूरी है कि युध्द रुकें। क्योंकि ढाई साल में भारी तबाही हुई है और अरबों रुपये इसमें जाया हो गये हैं। यह राशि यदि हथियारों के बजाए विकास की प्रक्रिया में खपाई जाए तो दुनिया के हालात बदलें।

> लोग शायद ही कभी वो करते हैं जिस पर वे विश्वास करते हैं। वे वही करते हैं जो सुविधाजनक होता है, फिर पछताते हैं।
>
> – बॉब डिलन

## आज का इतिहास

- 1882 : तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म।
- 1893 : अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और हिंसा पर ऐतिहासिक भाषण दिया।
- 1895 : महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध गांधीवादी नेता विनोबा भावे का जन्म।
- 1906 : महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरंभ किया।
- 1919 : अमेरिकी नौसेना ने होंडुरास पर आक्रमण किया।
- 1922 : आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में सचित्र दैनिक समाचार पत्र द सन न्यूज पेक्टोरियल की शुरूआत।
- 1939 : इराक और सऊदी अरब ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1941 : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय मुख्यालय पेंटागन का निर्माण शुरू।
- 1948 : ब्रिटिशकालीन भारत के प्रमुख नेता और 'मुस्लिम लीग' के अध्यक्ष मुहम्मद अली जिन्ना का निधन।
- 1951 : फ्लोरेंस चैडविक ने इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया। उन्हें इंग्लैंड से फ्रांस पहुंचने में 16 घंटे और 19 मिनट लगे। ऐसा करने वाली वह पहली महिला।
- 1961 : विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना।
- 1962 : मशहूर इंग्लिश रॉक बैंड 'दि बीटल्स' ने अपने पहले एकल हिट एलबम 'लव मी डू' के गाने रिकार्ड किए।
- 1968 : एयर फ्रांस का विमान नाइस के निकट दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में 89 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों की मौत।
- 2001: अमेरिका में आतंकवादियों ने विमान अपहरण कर न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड टावर की दो इमारतों, वर्जीनिया स्थित पेंटागन और पेन्सिलवेनिया पर हमला किया।

## निशाना

### बदल रही तस्वीर !



- कृष्णेन्द्र राय

संगठन में इनके लगता।  
आ रही दरार।।  
फिर भी होगा देखना।  
कौन पहनता हार।।  
धीरे धीरे शायद।  
बदल रही तस्वीर।।  
ख़बर रही है उड़।  
हैं सारे ही वीर।।  
हारते ना हिम्मत हैं।  
ना खुले बस पोल।।  
एक दूसरे को भले।  
रहें घुमाते गोल।।  
शानदार अंदाज़ है।  
पर अंदर कोहराम।।  
रुक रुक कर कभी कभी।  
है आता पैग़ाम।।

# कंधार अपहरण के असहज सत्य और सबक

■ ज्योति मल्होत्रा

वास्तविक जीवन जैसी दिखने वाली वेब सीरीज के साथ समस्या यह है कि वह अपने साथ बहुत सी पुरानी यादें लेकर आती है। 'आईसी 814 — कंधार हाईजैक' नामक इस सीरीज के साथ मुश्किल यह हो रही है कि यह भारत को कमजोर दिखाती है — निशक्त, पस्त-अक्षम। नरेंद्र मोदी सरकार की मुश्किल यह है कि उन काले दिनों और रातों को दफनाना चाहती है ङ्क जो 1999 में क्रिसमस से पहली शाम और नए साल की पूर्व संध्या के बीच मुसीबत बनकर टूटे थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को 300 से अधिक यात्रियों की जिंदगी के बदले में तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा था ङ्कइसकी जगह वह मधुर, गर्मजोशी भरा और खुशनुमा अहसास बनाए रखना चाहती है, जो एक मज़बूत देश का नेतृत्व मजबूत नेता के हाथ होने पर तारी रहता है। परंतु कठिनाई यह है कि इतिहास इस तरह के अहसासों का बंधक नहीं हो सकता। जो होता है, ठीक वही पेश करता है।

उस वक्त की कुछ झलकियां पेश हैं — अपहृत विमान में फंसे यात्रियों के परिवारों की मुश्किलें वाजपेयी सरकार की कमजोरी बन गई, जिनके सिर पर सरकार और अपहर्ताओं के बीच सौदा सिरे न चढ़ने पर हर किस्म के नुकसान का खतरा था। ब्रिटेन में पढ़ा और वहां के लहज़े में अंग्रेजी बोलने वाला उमर शेख ङ्क जो कि भारत सरकार द्वारा रिहा किए गए तीन आतंकवादियों में से एक थाङ्कउससे जब कंधार में भारतीय खुफिया अधिकारी आनंद अर्नी ने पूछा कि आज़ाद होने का क्या अर्थ है, तो उसने जवाब में ढेरों अपशब्द बके। पाकिस्तान की आईएसआई, जिसका पूरी तरह नियंत्रण था, उसने समझौता वार्ता के दौरान भी बुनियादी शर्तों को बदलवाया ङ्क 29 दिसंबर की शाम तक, सहमति केवल एक मसूद अज़हर को रिहा करने तक सीमित थी, लेकिन 30 दिसंबर की सुबह होते-होते अपहर्ता तीन आतंकवादियों को रिहा करने की मांग पर अड़ गए। यह वही था, जो होकर रहा। कभी-कभी समस्या यह होती है कि लोग अतीत को वर्तमान के संदर्भ में देखने लगते हैं। उन्हें इस तथ्य से शर्मिंदगी महसूस होती है कि तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह भी उसी विमान से कंधार गए थे, जिसमें कुछ पीछे की सीटों पर रिहा किए जाने वाले तीनों आतंकवादी सवार थे, जो उन्हें सुनाने को जोर-जोर से अपशब्द बकते रहे। बहुत से लोगों का कहना है कि मंत्री को नहीं जाना चाहिए था, कई ने सवाल किया कि उन्होंने अपने पद की गरिमा क्यों गिराई? लेकिन 'द ट्रिब्यून' के अभिलेखागार में, उस वक्त में झांकने पर पता चलता है कि 1999 में भारत की स्थिति क्या थी। परमाणु परीक्षण हुए कोई एक साल गुजरा था और भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय तौर पर अभिशप्त-सा था और आगामी गर्मी में अमेरिकी राष्ट्रपति क्लिंटन का दौरा होना तय था। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध खत्म हुए बमुश्किल चंद महीने बीते थे। उस सप्ताह, जब अपहृत हुए विमान ने काठमांडू से अमृतसर होते हुए कंधार के लिए उड़ान भरी, जसवंत सिंह ने मदद के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य जगहों पर अपने कई समकक्षों को संपर्क करने की कोशिश की- लेकिन किसी ने उनका फोन नहीं उठाया। यह सप्ताह नए साल की खुशियां मनाने का था। आप जब जश्न मनाने में व्यस्त हों, ऐसे में तीसरी दुनिया के देश का कोई परेशान आदमी आपको उस समय फोन करे, तो आप केवल यही सोच सकते हैं कि अपनी समस्याओं से वह खुद क्यों नहीं निबट लेता? यही चीज़ है जिससे असली कमजोरी झलकती है। भले ही आप मदद पाने के लिए कितने भी अधीर हों, लेकिन कोई आपका फोन नहीं उठाना चाहता।

'रॉ' के तत्कालीन प्रमुख एएस दुलत के अनुसार, जसवंत सिंह उस सप्ताह दिल्ली में 'अकेले पड़े एक आदमी' थे। उनको लगा कि यदि कोई वरिष्ठ व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से लेन-देन प्रक्रिया की देखरेख करने साथ नहीं गया, तो कहीं अंतिम समय में ऐसा कुछ न हो जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ जाए। सच तो यह है कि भारतीय वार्ताकार कंधार में कमजोर पड़े प्रतीत हुए क्योंकि उनके पास अपनी बात मनवाने की गुंजाइश बहुत कम या न के बराबर थी। विमान दुश्मन के इलाके में था। कठपुतलियों की डोर आईएसआई के हाथ में थी और सभी पत्ते भी उसके हाथ में थे। नेटफ्लिक्स सीरीज़ उन सभी भारतीय दर्शकों को यह असहज सच्चाई स्वीकारने को मजबूर करती है कि हकीकत में हम वह राज्य नहीं हैं जोकि हम मानते रहे कि हम हैं। हम कमजोर थे, और शायद,अब भी हैं। वेब सीरीज़ ने हम सभी की इस रग को छूआ है कि जब रोशनी बुझ जाती है और हमारे समक्ष केवल हम ही होते हैं, तो क्या सच है और क्या नहीं, यह हमें पता होता है। हम जानते हैं कि हम उतने तगड़े नहीं हैं जितना खुद को मानते हैं।




'रॉ' के तत्कालीन प्रमुख एएस दुलत के अनुसार, जसवंत सिंह उस सप्ताह दिल्ली में 'अकेले पड़े एक आदमी' थे। उनको लगा कि यदि कोई वरिष्ठ व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से लेन-देन प्रक्रिया की देखरेख करने साथ नहीं गया, तो कहीं अंतिम समय में ऐसा कुछ न हो जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ जाए। सच तो यह है कि भारतीय वार्ताकार कंधार में कमजोर पड़े प्रतीत हुए क्योंकि उनके पास अपनी बात मनवाने की गुंजाइश बहुत कम या न के बराबर थी। विमान दुश्मन के इलाके में था। कठपुतलियों की डोर आईएसआई के हाथ में थी और सभी पत्ते भी उसके हाथ में थे। नेटफ्लिक्स सीरीज़ उन सभी भारतीय दर्शकों को यह असहज सच्चाई स्वीकारने को मजबूर करती है कि हकीकत में हम वह राज्य नहीं हैं जोकि हम मानते रहे कि हम हैं। हम कमजोर थे, और शायद,अब भी हैं। वेब सीरीज़ ने हम सभी की इस रग को छूआ है कि जब रोशनी बुझ जाती है और हमारे समक्ष केवल हम ही होते हैं, तो क्या सच है और क्या नहीं, यह हमें पता होता है। हम जानते हैं कि हम उतने तगड़े नहीं हैं जितना खुद को मानते हैं।

कुछ लोग कह सकते हैं कि 25 साल का समय बहुत लंबा होता है और भारत काफी आगे निकल चुका है- वे पाकिस्तान के साथ वार्ता के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनाए गए सख्त रुख को गिनाते हैं। कुछ अन्य लोगों का इशारा 2016 में अभूतपूर्व सर्जिकल स्ट्राइक की तरफ होगा, जब भारतीय सशस्त्र बलों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पार की और पाकिस्तानी सेना द्वारा समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ सफलतापूर्वक अभियान चलाये।

फिर भी, हम जानते हैं कि कमज़ोरी बनी हुई है, भीतर और बाहर। पिछले सप्ताह की शुरुआत में सिंगापुर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चीनियों पर कसे तंजों के बावजूद हकीकत यह है कि लद्दाख में चीनियों ने हमारे सैनिकों को उस बड़े हिस्से में गश्त करने से वर्जित कर रखा है, जहां पर वे साल 2020 तक गश्त कर सकते थे। जम्मू संभाग में भी, जहां पर आतंकवादियों ने सशस्त्र बलों के 18 कर्मियों पर हमला कर शहीद कर दिया। सिंधुदुर्ग में, जहां शिवाजी की एक मूर्ति अनावरण के कुछ ही महीनों में ढह गई, क्योंकि ठेकेदार ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया था। पंजाब में, जहां पर नशीली दवाओं की समस्या कल्पना से कहीं ज़्यादा बदतर है। मणिपुर में, जहां पर मैतेई कट्टरपंथी अपने साथी बाशिंदों मणिपुरियों पर ड्रोनों से हमले कर रहे हैं। यह स्वीकार करने में कहीं अधिक भलाई है कि हम चीनियों के सामने नहीं ठहर सकते। कम-से-कम इस स्वीकारोक्ति में ईमानदारी तो होगी। वैसे भी आर्थिक रूप से वह हम से पांच गुणा बड़ा है। इसलिए इस विषय का सामना करते हुए खुद से सवाल करना बेहतर होगा कि हम चीनियों के सामने खड़े होने लायक क्यों नहीं हैं?

चीन की आर्थिकी भारतीय अर्थव्यवस्था से पांच गुणा बड़ी क्यों है, जबकि माओ के चलाए 'लॉन्ग मार्च' की बीजिंग में परिणति लगभग उसी समय (1949 में) थी, जब भारत स्वतंत्र हुआ था? इसका उत्तर हमेशा यह नहीं हो सकता कि चीन एक तानाशाही है और भारत एक लोकतंत्र हैङ्क जिसमें अपनी पीठ थपथपाना शामिल है। इससे भी बदतर कुछ है। शिवाजी की मूर्ति बनाने वाले ठेकेदार को आखिरकार गिरफ्तार कर तो लिया गया है, लेकिन यह हमें मोदी के पुराने नारे की याद दिलाता हैङ्क'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' यानी न कभी खुद भ्रष्टाचार करूंगा, न ही करने दूंगा। निश्चित रूप से देश में सभी खराब कामों के लिए प्रधानमंत्री जिम्मेदार नहीं हैं, तब भी नहीं जब उनकी पार्टी उस महाराष्ट्र में गठबंधन में हो, जहां पर यह अपराध हुआ है। शायद यह स्वीकार करना कहीं बेहतर है कि आप उतने मजबूत नहीं हैं जितना आप होने का दिखावा करते हैं। न लद्दाख में, न सिंधुदुर्ग में या फिर, न ही कंधार में।

-साभार

## जीवन नहीं मरा करता...

# बिजनेस में नुकसान के कारण खुदकुशी कर रहे कारोबारी, बढ़ते मामलों पर अंकुश अहम

■ आरके सिन्हा

देश ने इस बार भी पांच सितंबर को गर्मजोशी से शिक्षक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का छात्रों के निर्माण में योगदान के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया था। पर अब सुधी शिक्षकों, मनोचिकित्सकों और नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा व नाकामयाबी की स्थितियों में अपनी जीवनलीला खत्म क्यों कर रहा है। शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो, जब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले ? किसी युवा के खुदकुशी करने संबंधी समाचार अखबार में न छपते हों। इस गंभीर मसले?पर सारे देश को सोचना होगा।

व्यापार में घाटे की वजह से भी आत्महत्या करने वालों की संख्या बढ़ रही है। कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी। पिछले साल लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। इसमें कोई शक नहीं कि किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों, समाज का दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान के कोटा शहर में हर साल लाखों विद्यार्थी आईआईटी, एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक करने का सपना लेकर पहुंचते हैं। आप कोटा या फिर देश के अन्य शहर में चले जाएं, जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हों। वहां विद्यार्थी दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करने के बजाय, इन्हें रोकना होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों द्वारा आत्महत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए असज विश्व आत्महत्या निवारण दिवस पर दिल्ली में सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर?अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएंगे।



कुछ कोचिंग सेंटर वाले भी इस तरह के प्रयास कर रहे हैं, ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है।

माता-पिता और अध्यापकों को नौजवानों को अच्छा माहौल देना होगा, ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, वह करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़ें। बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए? पर इन सबके लिए जरूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा कॅरिअर चुनने की आजादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती हैं। अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं। महान कवि गोपालदास नीरज की पंक्तियां याद आ रही हैं, छिप-छिप अश्रु बहाने वालो, मोती व्यर्थ बहाने वालो, कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है। सफलता व विफलता का चक्र तो चला करता है। उसे स्वीकारने में ही भलाई है।

जैसा कि ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने खुदकुशी कर ली। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में, जब कोविड की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था, तब 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29 फीसदी अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने खुदकुशी की थी। भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है, जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। कुल मिलाकर युवाओं और कारोबारियों के साथ-साथ अन्य लोगों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना ही होगा।

-साभार



# जिस घाट पर डूबी देवरानी-जेठानी उसी घाट पर किया दोनों का अंतिम संस्कार

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को सुबह ऋषि पंचमी के पर्व पर नर्मदा में स्नान करने पहुंची रक्षा और रानू दोनों ही देवरानी जेठानी का दुर्भाग्य से सीडियों से पैर फिसलने के कारण दोनों देवरानी और जेठानी रक्षा और रानू नर्मदा में डूब गई। 24 से 26 घंटे के बाद उनके शव नर्मदा नदी से बरामद कर लिए गए

दोनों शव मिलने के बाद सैकड़ों की तादाद में उपस्थित परिचितों की आंखों में आंसू थे पूरा माहौल गमगीन था सभी बिलख रहे थे जैसे तैसे पुलिस ने दोनों शव को सिवनी मालवा के अस्पताल लाकर पीएम कराया और शव परिवार को सौंप दिए। ग्राम फरीदपुर के मातम सुदा इस मकान पर आसपास के चार-पांच गांव के सैकड़ो लोग इकट्ठा थे। जैसे ही अस्पताल से दोनों शव घर पहुंचे वहां मातम का मंजर देखते नहीं बना। हृदय विदारक दृश्य देखकर वहां उपस्थित सभी की आंखों में आंसू थे। सभी को रोता देख मृतिका का 4 वर्षीय पारस भी रो रहा था। पूछ रहा था मेरी मम्मी कहां है। अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाने के बाद देवरानी और जेठानी के शव को ग्राम फरीदपुर लाकर मात्र दस मिनट के लिए मृतकों का मुंह दिखाई की रश्म पूरी कर देवरानी और जेठानी के शवों को वापस भिलाडिया घाट ले जाया गया। जहां दोनो का आस पास देवरानी और जेठानी रक्षा और रानू का अंतिम संस्कार किया गया।

**घर और गांव में है मातम:** जिस घर में कभी बहु बनके खूसिया ले कर आई दोनों महिलाएं देवरानी और जेठानी की किलकारी से गूंजती थी अब उसी घर में मातम छाया हुआ है और ग्राम फरीदपुर में मातम का सन्नाटा पसरा है। कोई किसी से कुछ कह नहीं रहा लेकिन सभी की आंखें नम है। सभी के मन में बस एक ही प्रश्न है कि जो हुआ वह अच्छा नहीं हुआ।

### डिप्टी कलेक्टर एवं सीएमएचओ द्वारा शिविर का उद्घाटन किया

# विश्व फिजियोथेरेपी स्वास्थ्य शिविर में 120 मरीजों को सेवाएं दी



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार एवं सिविल सर्जन डॉ आर सी प्रजापति द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 120 नागरिकों को फिजियोथेरेपी सेवाएं के साथ साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण, उपचार एवं परामर्श चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा किया। उपस्थित नागरिकों से सर्वाइकल दर्द इत्यादि से जागरूकता हेतु डॉ.अपेक्षा कानूनगो फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा संवाद किया गया। जांच एवं परीक्षण उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. संजय पुरोहित आरएमओ, डॉ डी सी किंगर नेत्र रोग, डॉ. अंश चुग मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. अनिल बडूके हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. अभिषेक ऑर्थो, डॉ महेंद्र सिंह फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ रजनी कुशवाह दंत चिकित्सक, अलका इंदोरकर अस्पताल प्रबंधक, किरण मेट्रन, गीता चौधरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। सिविल अस्पताल पिपरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर एवं पिपरिया सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर आयोजित कर नागरिकों को फिजियोथेरेपी सहित अन्य स्वास्थ्य जांच, दवाएं प्रदान की गई।

### संभागायुक्त ने गूगल मीट में कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# बायोमेट्रिक मशीन से ही अटेंडेंस हो यह सुनिश्चित किया जाए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संभागायुक्त के जी तिवारी ने सोमवार को गूगल मीट में सभी कलेक्टर से कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित मवेशियों के पुनर्वास में सभी जिलों ने अच्छा कार्य किया है लेकिन अभी भी इसमें और ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है। अभी भी केसला, सुखतवा, डोलरिया में निराश्रित मवेशी सड़कों पर बैठे दिखाई देते हैं। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह हरदा जिले की तर्ज पर गौ अभ्यारण्य बनाने का प्रयास करें। वर्तमान में हरदा में ऐसा ही एक प्रयास किया गया है संभागायुक्त ने कहा कि गौ अभ्यारण में सभी निराश्रित पशुओं को रखा जाए और वहां उनके चारे, गो ग्रास की, पेयजल की व्यवस्था हो। संभागायुक्त ने कहा कि इसमें सभी कलेक्टर वर्क करें और अपने-अपने जिले में गौ अभ्यारण बनाने का प्रयास करें, यदि प्रयास सफल हो जाते हैं तो सड़कों पर निराश्रित मवेशी दिखना बंद हो जाएंगे।

संभागायुक्त ने जिला अधिकारियों द्वारा छात्रावास, आश्रम शालाओं एवं स्कूलों के निरीक्षण किए जाने के संबंध में निर्देश दिए की यदि कोई अधिकारी छात्रावास, आश्रम एवं स्कूलों का निरीक्षण कर रहा है और इस दौरान वहां पर कोई कमियां पाई जा रही है तो उस



**सभी कलेक्टर्स गौ अभ्यारण्य बनाने का प्रयास करें..**

**छात्रावासों एवं स्कूलों के निरीक्षण में पाई गई कमी को मौके पर ही दूर किया जाए...**

कमी का निरीक्षण करता अधिकारी मौके पर ही निराकरण करें। यदि ऐसा नहीं हो पा रहा है तो वह संबंधित विभाग के अधिकारी को उक्त कमियों से अवगत कराए। संबंधित अधिकारी का यह नैतिक कर्तव्य होगा कि वह सभी कमियों को दूर करें। संभागायुक्त ने कहा कि स्कूलों के निरीक्षण के दौरान स्कूलों का समय, समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, दर्ज छात्र संख्या के हिसाब से छात्रों की उपस्थिति, परिसर की स्वच्छता, टॉयलेट की स्वच्छता आदि पर विशेष रूप से फोकस करते हुए निराकरण करने की आवश्यकता है।

संभागायुक्त ने कहा कि सभी कार्यालय में बायोमेट्रिक एवं फेस आईडी मशीन से उपस्थित सुनिश्चित की जा रही है कि नहीं इसकी सभी कलेक्टर विशेष रूप से मॉनिटरिंग करें, उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय में अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक या फेस आईडी मशीन से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

संभागायुक्त ने शासकीय कर्मचारियों के समय मान वेतनमान, क्रमोन्नति, बकाया सवत्वो के भुगतान के संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अपने अधीनस्थ कार्यालय से इस आशय का सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से ले की कोई भी पात्र कर्मचारी समयमान वेतनमान एवं क्रमोन्नति से वंचित नहीं है। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुखों से स्थिति के संबंध में 30 सितंबर तक सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से लिया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि सभी कलेक्टर निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त समय लेकर हर व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन करें, और निरीक्षण टीम अनिवार्य रूप से लिखें।संभागायुक्त ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण अभियान की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु महाविद्यालय में अधिक से अधिक कैंप लगाकर उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए।

## आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में आयोजित होगा सेमिनार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रत्येक वर्ष 10 सितम्बर को मनाया जाता है, सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि इस अवसर पर जिला अस्पताल के रेड क्रॉस शाखा में जन जागरूकता हेतु मंगलवार 10 सितंबर प्रातः साढ़े 9 बजे से सेमिनार का आयोजन किया जा रहा। जिसमे डॉ सृजन सिंह सेंगर जिला नोडल अधिकारी एवं नाजिया सिद्दीकी क्लिनिकल साइक्लोजिस्ट द्वारा सेमिनार में आने वाले नागरिकों तथा मानसिक रूप से ग्रसित मरीजों की काउंसलिंग, जांच व उपचार तथा दवा का वितरण निःशुल्क किया जाएगा। मानसिक रूप से तनाव वाले नागरिकों से अपील की जाती है कि वो इसका लाभ उठाए। सीएमएचओ ने बताया कि अनियंत्रित और अनुपचारित मानसिक बीमारी आत्महत्या के पीछे एक बड़ा कारण है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के आयोजन का उद्देश्य आत्महत्या के व्यवहार पर शोध और डेटा एकत्र करना एवं आमजन को जागरूक करते हुए उसके बारे में विभिन्न कारणों पर समझ का निर्माण करना है।

## जिले के विकास व जनकल्याण के लिए सरकार के साधनों का समुचित उपयोग करें: प्रभारी मंत्री पंवार

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करते हुए निर्धारित समयावधि में पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाया जाए। हितग्राहियों तक सुगमता से योजनाओं का लाभ पहुंचे, उन्हें बिना वजह इंतजार ना करना पड़े। साथ ही सरकार के साधनों का जनकल्याण और विकास के लिए समुचित उपयोग कर रायसेन जिले को उन्नत और समृद्ध बनाने काम किया जाए। यह निर्देश मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागों की समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री तथा उदयपुरा विधायक श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा, सिलवानी विधायक श्री देवेन्द्र पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा जिले में योजनाओं तथा विकास कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया।

प्रभारी मंत्री पंवार ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में राजस्व महाअभियान अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रकरणों के निराकरण उपरांत जो भी आदेश पारित हुए हैं उन्हें ऑनलाईन दर्ज कराने हेतु अमल में लाएं। उन्होंने शिविर लगाकर रिकार्ड दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, सीमाकंन आदि प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व न्यायालयों में अधिकारियों को लक्ष्य देकर कार्य पूर्ण कराए जाएं। राजस्व न्यायालयों में कोई भी प्रकरण आवश्यक कार्यवाही के अभाव में लंबित ना रहे, प्रकरण प्राप्त होते ही नियमानुसार निराकरण करते हुए नागरिकों को लाभ पहुचाएं।

## कलेक्टर ने पीएम हेल्प लाईन की समीक्षा की

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित पीएम जनमन के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले की चिन्हित सहरिया जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को निर्धारित मापदण्डो के अनुसार नियत योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन किया जाना है यह कार्य आगामी एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत हो जाए। जिले के कुल 461 पीवीजीटी ग्रामो के दस हजार 450 परिवारो की कुल जनसंख्या 47 हजार 530 को अभियान के तहत लाभांवित किया जाना हैं उपरोक्त परिवारो के सभी सदस्यों की समग्र आईडी बनाई जानी है। 47 हजार 530 में से अब तक 47255 की समग्र आईडी बनाई जा चुकी है इसी प्रकार 47149 के आधार कार्ड बनाए जा चुके है जबकि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र के शेष 42017 में से 39747 को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किए जा चुके है वहीं आयुष्मान हेतु निर्धारित लक्ष्य 27210 में से 21838 को आयुष्मान कार्ड प्रदाय किए गए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि व्यक्तिगत हितलाभ वाली योजनाओं से सहरिया जनजाति वर्ग का एक भी नागरिक छूटे ना। उन्होंने कहा कि पूर्व उल्लेखितों को योजनाओं से लाभ दिलाने के लिए डोर-टू-डोर सम्पर्क करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड जैसा महत्वपूर्ण दस्तावेंज बनाने के लिए पोर्टबल मशीन को डोर-टू-डोर पहुंचकर कार्यो का संपादन किया जाए। बैठक में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राशन कार्ड, पात्रता पर्ची, उज्जवला योजना, केसीसी, जनधन योजना, किसान सम्माननिधि के अलावा आजीविका मिशन के माध्यम से गठित होने वाले समूहो को तथा पीएम आवास योजना, पीएम ग्राम सड़क योजना, विद्युतीकरण, नवीन स्वीकृत किए गए आंगनबाडी केन्द्र भवनो, अधोसंरचनात्मक योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यो तथा वन धन केन्द्रो और स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सहरिया जनजाति ग्रामो में मोबाइल टॉवर तथा मल्टीपरपज सेन्टर एवं चयनित आदर्श ग्राम के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं के तहत संपादित किए।

**सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा** – कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश विभागो के अधिकारियों को दिए है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्ति की सूचना उपरांत एल वन स्तर पर ही आवेदक से सम्पर्क करें।

**मेट्रो एंकर**

### प्राचीन मदन मोहन सरकार के दरबार में अमनिया चढ़ाया गया

# गरीब बच्चों के बीच पहुंचकर फल-मिठाईयों का वितरण कर धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री एंव आइजा के राष्ट्रीय सलाहकार प्रदीप जैन आदित्य का जन्मदिन धार्मिक क्रियाकलापों,गरीब बस्तियों व स्कूली बच्चों के बीच पहुचकर उनके समर्थको द्वारा धूमधाम से मनाया गया। आइजा के जिला उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर में शांति धारा,अभिषेक, भक्ताम्वर पाठ का आयोजन कर प्रदीप जैन आदित्य की दीर्घ आयु एंव उज्जवल भविष्य के लिए भगवान पार्श्वनाथ से प्रार्थना की गई। वही स्कूली बच्चों के बीच पहुचकर फल एंव मिठाईयो का वितरण किया गया। साथ ही गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीब बच्चों को कपडें व मिठाईयों का वितरण भी किया गया। इसी के साथ नगर के प्राचीन मदन मोहन सरकार के दरबार में अमनिया चढाया गया एंव श्री मदन मोहन सरकार से प्रार्थना की प्रदीप जैन आदित्य को भविष्य में राजनैतिक क्षेत्र में ऊचांईया प्राप्त हो। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी गजेन्द्र यादव,कमलेश कुशवाह,संजीव जैन रेखला,चेतन पंथी,सौरभ साहू,हबीव मंसूरी,अशोक कुशवाह आदि मौजूद रहें। इस अवसर पर भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जनजन के प्रिय नेता,आइजा के राष्टीय सलाहकार जैन समाज के गौरव प्रदीप जैन आदित्य को जन्मदिन की



बधाई देते हुए राजीव जैन सैनानी ने कहा कि श्री जैन आदित्य असाधारण नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सेवा की भावना ने आप को एक विशिष्ट स्थान दिलाया है, जो न केवल जैन समाज के लिए गर्व की बात नही बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। आपके कार्यों ने समाज को एक नई दिशा दिखाई है और आपकी दूरदर्शिता ने अनेक लोगों को प्रभावित किया है। आपके जन्मदिन पर, मैं आपके लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना करता हूँ। मैं आशा करता हूं कि आप अपने सामाजिक और राजनीतिक कार्यों के माध्यम से समाज की सेवा करते रहेंगे और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

**आइजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी बधाई** – आइजा के राष्ट्रीय सलहाकार प्रदीप जैन आदित्य के जन्मदिन पर आइजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया एंव प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप वाफना ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्री हुण्डिया ने कहा कि प्रदीप जैन आदित्य आइजा संगठन व पत्रकारो के हित के लिए हमेशा लडाई लडतें आए है और जब जब भी पत्रकारो की हित की बात होती है तो श्री आदित्य हमेशा आगें आकर मदद करने के लिए तत्यर्प खडें रहते है।

**पीसीसी के महामंत्री ने मनाया जन्मदिन** – मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एंव विधानसभा कुरवाई पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत ने अपने साथियो के साथ गरीबों बच्चों के बीच में पहुचकर प्रदीप जैन आदित्य का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर श्री बोहत ने बच्चों को कॉपी,पेन सहित अन्य पढाई की सामग्री का वितरण किया। वही उन्होने प्रदीप जैन आदित्य की दीर्घ आयु की कामना करते हुए पौधारोपण भी किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि पौधारोपण करने के साथ उनकी देखरेख करना उससे बड़ी जिम्मेदारी होती है। आज पेड़ों की कटाई की जा रही। आक्सीजन की मात्रा कम हो रही है। जिससे आज पर्यावरण दूषित तो हो ही रहा है। इसके साथ भविष्य में दवाइयों की कमी आएगी। क्योंकि जब पेड़ और पौधें नहीं होंगे तो दवाइयां कहा से मिलेगी।




## सदस्यता अभियान को लेकर हुई भाजपा मंडलों की बैठक




**सिरोंज ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल देवपुर, चितावर एवं नगर मंडल नगर द्वारा भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप युवाओं को राजनीति में आगे लाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के मुख्यअतिथि, अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि बैठक में पधारे तरुणाई ऋषि सुमन सहित अन्य युवाओं को बनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई एवं उनका स्वागत कर उनसे संवाद किया एवं युवा ऋषि सुमन ने बैठक को संबोधित भी किया। युवाओं के मार्गदर्शन में बैठक का क्रियान्वयन कराया।

## विधायक ने कथा व्यास का किया स्वागत



**सिरोंज।** ग्राम हरिपुर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में विधायक उमाकांत शर्मा ने शामिल होकर कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर विधायक ने कथाव्यास बटु महाराज का स्वागत कर कथा श्रवण करने पधारे सभी भक्तगणों से संवाद किया।

### सिरोंज-लटेरी में कलेक्टर के आदेशों अवहेलना कर रहे है झोलाछाप डॉक्टर

# झोलाछाप डॉक्टरों से नोटिस-नोटिस का खेल!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा का स्वास्थ्य विभाग यह वह अमला है जिसने देखते ही देखते स्वास्थ्य सुविधाओं से खिलवाड़ करने बाली एक लंबी फौज खड़ी कर डाली। इस फौज में एक संगठन होता है और उस संगठन का अध्यक्ष भी फर्जीबाड़े से ग्रसित होता है। लिहाजा स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड़ करना और जब बात सर से ऊपर निकल जाए तो उन्ही शटरों को बंद कर भाग खड़ा होता है यह सरदार।

दरअसल विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक आदेश जारी किया था। नियत थी, आम जनमानस को स्वास्थ्य की उत्तम सुविधाएं मिल सकें और लोग फर्जी डॉक्टर के द्वारा की जा रही लापरवाहियों से बच सकें। इस फर्जीवाड़े को रोकने के लिए कलेक्टर सहित स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार लोगों को तकीत किया गया था। लेकिन मोहन सरकार के जनकल्याणकारी आदेश को लटेरी बीएमओ अभिषेक उपाध्याय ने मानो कचरे की टोकरी में फेंक डाला हो। सिरोंज-लटेरी स्वास्थ्य विभाग की मंशा के अनुरूप नगर में पग-पग पर झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। कोई अपना क्लिनिक संचालित कर रहा है तो कोई इन्दौर पॉली क्लिनिक तो मल्टी स्पेशलिस्ट बनकर शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। इनके द्वारा धड़ल्ले से मरीजों का इलाज किया जाकर जमकर मरीजों से वसूली की जा रही है। इन तमाम कारगुजारियों के दौरान सिरोंज व लटेरी बीएमओ द्वारा नोटिस-नोटिस का खेल खेला जा रहा है।

**शहरभर में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर्स की भरमार, प्रशासनिक अमला मौन –** लटेरी नगर में कम से कम 80 से अधिक










डॉक्टर हैं, जिनके पास मेडिकल प्रैक्टिस के लिए किसी तरह की डिग्री और रजिस्ट्रेशन नहीं है। इनमें से कई लोगों के पास बैचलर ऑफ फार्मेसी की डिग्री है जिसके सहारे उन्होंने अपना मेडिकल स्टोर खोला है, पास ही खुद की क्लिनिक भी संचालित कर रहे हैं। इनमें कई कई ऐसे डॉक्टर भी शामिल हैं जिनके पास किसी तरह की डिग्री तक नहीं है। इसके बाद भी उन्होंने खुद के क्लिनिक खोल रखे हैं। नगर में कई ऐसे डॉ भी हैं जिनके पास आयुर्वेदिक होम्योपैथी या यूनानी की डिग्री है मगर वे एमबीबीएस डॉक्टर की तरह इलाज कर रहे हैं।

**सिरोंज में प्रत्येक गली में देखने को मिल ही जाती है एक क्लीनिक –** विगत वर्षो से देखा जा रहा है कि नगर सहित आसपास के ग्रामीण में अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही क्लीनिक,नर्सिंग होम,अस्पतालो पर स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की जाती है। लेकिन वह कार्यवाही मात्र दो तीन दिन ही चलकर रह जाती है। जिसका फायदा गली मोहल्लो में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालक उठाते है। यदि सिरोंज के बात की जाए तो मात्र सिरोंज शहर में ही 100 से अधिक अवैध क्लीनिक व नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। जिनमें से ऐसे कई क्लीनिक और नर्सिंग होम है जो कि गली मोहल्लो में संचालित हो रहें है। जिनकी स्वास्थ्य विभाग के पास कोई जानकारी होने न से जांच टीम कभी इन क्लीनिको पर पहुच ही नही पाती। जब भी स्थानीय प्रशासन द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिको व नर्सिंग होमो की जांच करने निकलती है तो टीम शहर के मुख्य चौराहो व बाजारो में संचालित क्लीनिको और नर्सिंग होमो पर कार्यवाही कर चली जाती है। लेकिन नगर के ऐसे कई वार्ड है जिनमें अनेको क्लीनिक व नर्सिंग होमो का संचालन किया जा रहा है। जहा सर्दी, बुधार, जुकाम जैसी बीमारियो से लेकर कई प्रकार की बडी बीमारियो का उपचार किया जाता है। जहां तक की इन गली मोहल्लो में संचालित नर्सिगहोमो पर महिलाओं की डिलेवरी व ऑपरेशन भी असानी से कर दिए जाते है।

**झोलाछाप डॉक्टरों को समझिए –** झोलाछाप डॉक्टर वास्तव में उनको कहा जाता है जिन्होंने ना कभी चिकित्सा शास्त्र न पढ़े ना एमबीबीएस की डिग्री ली। कुछ लोग जो चिकित्सकों के यहां काम किए होते हैं अथवा इधर-उधर से चिकित्सा से संबंधित थोड़ी बहुत जानकारी एकत्र कर लेते हैं, वे नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा का व्यवसाय करने लगते हैं। इसलिए इन्हें झोलाछाप डॉक्टर कहा जाने लगा। विगत दिनों जब खबरों मामला प्रकाशित हुआ इसके कई दिनों बाद लटेरी के स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस-नोटिस का खेल खेलने शुरू कर दिया। कई दिन फर्नी झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित करने में निकाल दिए लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश का पालन मुख्यमंत्री की मंशानुरूप नहीं किया गया। इससे यह विदित है कि सरकारी विभागों में नोटिस का खेल महज उगाही के लिए खेला जाता है।

### सिरोंज के नागरिको को एसडीएम से जागी थी उम्मीद

सिरोंज में पदस्थ एसडीएम हर्षल चौधरी एंव बीएमओ डॉ विकास बघेल की जोडी को देख शहरवासियो को उम्मीद जागी है कि मुख्य बाजार के समीप अनाधिकृत रूप से महिलाओ चिकित्सक द्वारा एक दिन में दर्जनो महिलाओं की डिलेवरी की जा रही है। इस नर्सिंग होम में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र की अनेको गरीब भोली भाली महिलाओं को लूटा जा रहा है। वही आम नागरिको को एसडीएम व बीएमओ से उम्मीद जागी थी पर मामला अब ठंडा पड़ गया है।

## नदी, तालाबों के घाटों पर सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित करें:कलेक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के पहले सभी एसडीएम सहित अन्य विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के सभी नदियों, तालाबो के घाटो पर सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं। ऐसे घाट जो पूर्व में प्रतिबंधित किए गए है उन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से आवाजाही ना हो पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी एसडीएमो को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागो में समन्वय स्थापित कर घटित होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सूचना तंत्र उन्नत करें ताकि समय पर पीडितों को मदद मिल सकें। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है तो अविलम्ब स्थानीय अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य आए। इसी प्रकार के सूचना तंत्र उन्नत करने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए गए है।

**पूरा सिस्टम पारदर्शी हो:** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में खाद आपूर्ति के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागो के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया है कि जिले को प्राप्त होने वाला खाद और वितरण सिस्टम पूरा पारदर्शी हो। कहां कितना खाद जाना है का प्लान पूर्व में तैयार करें और जैसे ही रैक प्राप्त होता है उन स्थलों पर वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिसमें तमाम चीजो का उल्लेख हो कि जिले को कुल किस रैक से कितना खाद प्राप्त हुआ है और उसका वितरण डबल लॉक, समितियों एवं निजी विक्रेताओं को आवंटित की गई मात्रा का भी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए गए है।

कलेक्टर ने बासौदा तहसील क्षेत्र में विगत दिनो हुए खाद के अनुचित परिवहन को संज्ञान में लेते हुए मार्कफेड के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की पुर्नरावृत्ति जिले में कही भी ना हो के विशेष प्रबंध सुनिश्चित करें और सतत निरीक्षण प्रक्रिया क्रियान्वित करें। खाद का सम्पूर्ण वितरण वर्कआउट प्लान तैयार किया जाए।

## लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री का लाइव उद्बोधन देखा व सुना



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सागर जिले के बीना में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को सितम्बर माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण की है। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को देखने के प्रबंध एनआईसी व्हीसी कक्ष में सुनिश्चित किए गए थे। उक्त कक्ष में विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा हितग्राही मौजूद रहें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक विवेक शर्मा ने बताया कि विदिशा जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत दो लाख 80 हजार 480 हितग्राहियों के खातो में आज सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल राशि 35 करोड़ छह लाख रूपए अंतरण की गई है इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित हो रही राष्टीय वृद्धावस्था पेंशन के हितग्राहियों के खातो में भी राशि जारी की गई है।

## पीएम जनमन योजना से आवास का सपना हुआ सच: हितग्राही कमर सिंह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



पीएम जनमन योजना ने विदिशा जिले की सिरोंज तहसील की ग्राम पंचायत बड़ौदाताल के ग्राम नरखेड़ाताल में रहने वाले कमर सिंह और उनके परिवार का वर्षो पुराना पक्के आवास का सपना सच कर दिखाया है। पीएम जनमन योजना से लाभान्वित हितग्राही कमर सिंह बताते हैं कि विकासखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूरी पर स्थित नरखेड़ाताल ग्राम में वह अपने परिवार सहित खेतीहार मजदूरी करते हैं। परिवार में कुल चार सदस्य पति-पत्नी, पुत्र एवं पुत्रवधू निवासरत हैं। उनके पास पहले रहने के लिए एक कच्चा मकान हुआ करता था जिसमें एक कमरा और एक कच्चा छप्पर था। जिसमें वह करीब 25 वर्षो से निवास कर रहे थे। कच्चे घर में जीवन यापन करना बहुत कठिनाइयों भरा था। बारिश के समय अधिक परेशानी होती थी। कच्चे मकान में गंदगी एवं मच्छरों का प्रकोप रहता था जिससे बीमारियां होने का खतरा बना रहता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत उन्हें किस्तों के माध्यम से राशि प्राप्त हुई जिससे उन्होंने अपना पक्का मकान बनाकर तैयार कर लिया है अब उन्हें बारिश और सर्दी के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिली है साथ ही गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से फैलने वाली बीमारियों से भी बचाव हुआ है।

हितग्राही कमर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के अतिरिक्त उन्हें खाद्यान्न पर्ची, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलने से उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सकेगा स्वास्थ्य संबंधी योजना का लाभ भी आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिल सकेगा। परिवार की महिला सदस्य को उज्ज्वला योजना का लाभ भी प्राप्त हुआ है। इन सभी योजनाओं का लाभ मिलने से उनके सामाजिक व आर्थिक जीवन में काफी बदलाव आया है।

### स्वावलंबी भारत अभियान ने किया प्रतिष्ठित उद्यमियों का सम्मान

# विद्यार्थियों को बताया पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट जरूरी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शहर के बृज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वदेशी जागरण मंच ने स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन कार्यक्राम का आयोजन किया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं उद्यमी प्रशांत पालीवाल, अमन गर्ग, मोहित रघुवंशी, ब्रजमोहन धाकड़ का शाल श्री फल एवं सम्मान पत्र देकर विद्यालय प्राचार्य मेघराज शर्मा ने सम्मान किया। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्यमी प्रशांत पालीवाल ने कहा कि कोई भी कार्य बिना लगन और मेहनत के नही हो सकता, कठिन परिश्रम से ही आपको सफलता प्राप्त होती है। वही युवा उद्यमी व्यवसाई एवं कृषक मोहित रघुवंशी ने कहा कि आपको अपने जीवन में पढ़ाई के साथ साथ कौशल विकास पर भी ध्यान देना चाहिए मेरे, कम उम्र में मेरे पिताजी का अचानक देवलोक गमन हो गया था इसलिए सारी जिम्मेदारी मेरे पास आ गई। तभी से मैं कृषि कार्य एवं स्वयं का रोजगार संचालित किया और आज में करोड़ों का टर्नओवर कर रहा हूं। इसीलिए पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट बहुत जरूरी है स्वयं के रोजगार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आए जिला पूर्ण कालिक अंकित पाठक ने संबोधित करते हुए कहा की समस्त विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ कमाई के बारे में सोचना जरूरी है। उन्होंने कहा हमारे देश में विशाल युवा शक्ति है तथा युवाओं के कौशल विकास से ही भारत स्वालंबी एवं आत्मनिर्भर बनेगा। वो दिन दूर नहीं जब हम युवाओं की इस शक्ति के कारण विश्व गुरु के रूप में स्थापित होंगे। नौकरी को रोजगार न मानें, बल्कि स्वरोजगार, कौशल विकास, स्थानीय उद्योग स्थापित कर दूसरों को रोजगार देने का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सवाल जवाब किया। जिसमें विद्यार्थी रोहित पाल ने बताया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ अपने पिताजी के साथ नाश्ते की दुकान पर कार्य करता है, जिससे पैसा भी कमा रहे हैं। ऐसे ही कक्षा 10 की छात्रा नीलम यादव ने बताया कि वह अपनी माता के डेंटल अस्पताल में उनका सहयोग करती है जिसमें उन्हें जेब खर्च के लिए पैसे भी मिलते हैं। ऐसे ही कक्षा 10 के वरुण कुशवाहा ने बताया कि वह एक मेडिकल पर कार्य करते हैं जिससे करीब 10 हजार रुपए प्रति माह पढ़ाई के साथ कमा रहे हैं। वही कार्यक्रम के दौरान इन तीनों विद्यार्थियों का मंच पर सम्मान भी किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता एवं स्वर्गीय प्रकाश पालीवाल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंच सचालन स्वावलंबी भारत अभियान के जिला प्रचार प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने किया तो वहीं आभार जिला सहसंयोजक चरण सिंह ने जताया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
## राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक-2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

ई मेल eephedcp2bpl@mp.gov.in

क्रमांक 49,50,51,52,53,54,55,56 / का.यं/ रा.परि. खंड-2/ लोस्वायंवि दिनांक 04/09/2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई- प्रोक्योरमेंट पोर्टल http:mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024-PHED_ 367732 | Replacement of 200 mm dia S.W RCC sewer line with repairing of damaged manhole chambers i/c de silting an cleaning of manholes and sewer line constructed under PPOUL project at Section 6 of Sub division 5. Bhopal | 6,45,093=00 | 12,902=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 2 | 2024-PHED_ 367734 | Cleaning and de Siltin work of Anaerobic Pond NO.1 at Kotra Sewage Treatment Plant[ Bhopal | 8,81,520=00 | 17,630=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 3 | 2024-PHED_ 367735 | Replacement of 200 mm dia S.W RCC sewer line with reconstruction of fully damaged manhole chambers i/c de siltion and cleaning of manholes and sewer line constructed under ADB Project at Section 2 of Sub Division 5, Bhopal | 6,77,818=00 | 13,556=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 4 | 2024-PHED_ 367736 | Removing of weeds and refused material from Facultative Ponds No. 2,3,5,6,7 and 8 cleaning an uprooting of rank vegetation long grass brushes and surface dressing at Sahapura Oxidation Pond, Bhopal | 7,22,856=00 | 14,457=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 5 | 2024-PHED_ 367737 | Supoly of SFRC Manhole Cover with frame for Capital Project Sub Division No5 PHED Bhopal | 11,40,400=00 | 22,808=00 | 2,000=00 | 15 Days Including rainy season |
| 6 | 2024-PHED_ 367738 | Reconstruction of fully damaged manhole chambers i/c de-silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under ADB Projectg at Section A of Sub Division 6, Bhopal | 7,29,191=00 | 14,584=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 7 | 2024-PHED_ 367739 | Cleaning of weeds from facultative pond i/c grass and surface dressing work in the compound at Badwai Sewage Treatment Plant, Bhopal | 9,59,170=00 | 19,183=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 8 | 2024-PHED_ 367740 | Reconstruction of fully damaged manhole chambers i/c de-silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under PPOUL Projectg at Professor Colony Section A of Sub Division 6 , Bhopal | 7,34,288=00 | 14,686=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। 3. निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 19/09/2024 है।

G-15939/24

कार्यपालन यंत्री,
राजधानी परियोजना खण्ड क्र-2
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय
विभाग, भोपाल

# पूर्व अमेरिकी कप्तान *एलेक्स मॉर्गन* का फुटबॉल से संन्यास, 2 ओलिंपिक मेडल, 2 वर्ल्ड कप जीते

**न्यूयार्क. एजेंसी**

अमेरिका की पूर्व कप्तान एलेक्स मॉर्गन ने रिटायरमेंट ले लिया है। वे एक दिन पहले करियर के आखिरी मुकाबले में सैन डिएगो वेव्स की ओर से विमेंस सॉकर लीग में उतरीं, हालांकि उनकी टीम उत्तरी कैरोलिना के खिलाफ 1-4 से हार गई।डिएगो के लिए यह मॉर्गन का 63वां मैच था। उन्होंने इस लीग में 150वां मुकाबला खेला। 35 साल की मॉर्गन ने 16 साल लंबे इंटरनेशनल करियर में 2 ओलिंपिक मेडल और 2 बार फीफा वर्ल्ड कप जीते। मॉर्गन ने अमेरिका की नेशनल टीम के लिए 224 मैच खेले। वे 9वीं सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली और 123 गोल के साथ 5वीं सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी भी हैं। मॉर्गन वही फुटबॉलर हैं, जिन्होंने सबसे पहले विमेंस प्लेयर्स के लिए समान वेतन की आवाज उठाई थी।

### 4 दिन पहले कर दिया था ऐलान

मॉर्गन ने 4 दिन पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। एक सोशल पोस्ट के जरिए अमेरिकी फुटबॉलर ने बताया था वे अपना आखिरी मैच खेलने जा रही हैं। इस पोस्ट में मॉर्गन ने दूसरी बार मां बनने की जानकारी भी दी थी। मैसेज में मॉर्गन ने बताया कि यह फैसला उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन 2024 के शुरुआत से ही वे जानती थीं कि यह उनका आखिरी फुटबॉल सीजन होने वाला है। वहीं विमेंस फुटबॉलर के समान वेतन का मुद्द उठाया मॉर्गन ने अपनी साथी खिलाड़ियों के साथ अमेरिकी फुटबॉल में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के वेतन में असमानता की शिकायत की थी। 2019 में यूएस सॉकर के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ। खिलाड़ियों ने यूएस सॉकर पर लैंगिक भेदभाव और असमान वेतन का आरोप लगाया था।

### पेरिस की टीम में नहीं मिली थी जगह

नेशनल टीम में मॉर्गन की शुरुआत अंडर-20 लेवल से 2008 में हो गई थी। 2010 में सीनियर टीम में डेब्यू करने के बाद मॉर्गन 22 साल की उम्र में अमेरिका की 2011 विश्व कप टीम की सबसे युवा सदस्य थी। उन्होंने इस विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में गोल के साथ लंबे समय के लिए नेशनल टीम में अपनी जगह पक्की कर ली थी। हालांकि, वर्ल्ड कप के फाइनल में अमेरिकी टीम की हार हुई। लेकिन अगले ही साल लंदन ओलिंपिक में गोल्ड मेडल के साथ मॉर्गन को नेशनल फुटबॉल में अपनी पहली बड़ी सफलता मिली।

**विमेंस फुटबॉलर को समान वेतन की अवाज उठाई थी**




## बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम घोषित

# यश को मौका, अय्यर हुए बाहर राहुल-पंत और कोहली की एंट्री

**नईदिल्ली. एजेंसी**

बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज के पहले मुकाबले के लिए टीम इंडिया की घोषणा हो गई है। 19 सितंबर से चेन्नई में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए 16 मेंबर्स की टीम चुनी गई। मिडिल ऑर्डर में सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को शामिल किया गया। लेफ्ट आर्म पेसर यश दयाल को पहली बार टेस्ट टीम में मौका मिला। विराट कोहली, केएल राहुल और विकेटकीपर ऋषभ पंत भी बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से टेस्ट टीम में वापसी करेंगे। तीनों इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज का हिस्सा नहीं थे।

### युवाओं को किया शामिल

स्क्वॉड में मिडिल ऑर्डर बैटर सरफराज खान, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, तेज गेंदबाज आकाश दीप और यश दयाल को शामिल किया गया है। दयाल को छोड़कर बाकी तीनों प्लेयर्स ने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ हुई सीरीज में डेब्यू किया था। दयाल ने दलीप ट्रॉफी के फर्स्ट राउंड में 4 विकेट लिए थे। यश दयाल को पहली बार भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया। दलीप ट्रॉफी नहीं खेलने वाले 6 प्लेयर्स ने बनाई जगह दलीप ट्रॉफी नहीं खेलने वाले 6 सीनियर प्लेयर्स ने टीम में जगह बनाई। इनमें कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। कोहली को छोड़कर बाकी पांचों प्लेयर्स ने इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी-मार्च में टेस्ट सीरीज खेली थी। विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे।

### इंग्लैंड के खिलाफ खेलने वाली टीम में 4 बदलाव



इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल भारत ने जनवरी से मार्च के बीच 5 टेस्ट की सीरीज खेली थी। उस स्क्वॉड के 12 प्लेयर्स को जगह मिली, जबकि 4 नए प्लेयर्स शामिल किए गए। जिनमें विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत और यश दयाल शामिल हैं। कोहली पारिवारिक कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सके थे। जबकि पंत और राहुल इंजर्ड थे। दयाल को घरेलू क्रिकेट में अच्छी परफॉर्मेंस के कारण शामिल किया गया। श्रेयस, पडिक्कल और पाटीदार बाहर इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज में टीम का हिस्सा रहे श्रेयस अय्यर, देवदत्त पडिक्कल और रजत पाटीदार को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को भी टीम में शामिल नहीं किया गया। बांग्लादेश से 2 टेस्ट और 3 टी-20 खेलेंगे बांग्लादेश का भारत दौरा 19 सितंबर से शुरू होगा। चेन्नई में पहला टेस्ट और 27 सितंबर से कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। 6, 9 और 12 अक्टूबर को 3 टी-20 खेले जाएंगे। मुकाबले ग्वालियर, दिल्ली और हैदराबाद में होंगे।

### अफगानिस्तान और आयरलैंड दौरे के लिए साउथ अफ्रीकी टीम घोषित

साउथ अफ्रीका ने अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने जा रही चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बोर्ड ने वनडे के बड़े टूर्नामेंट से 8 अपने रेग्युलर प्लेयर्स को आराम दिया है, जबकि कुछ नए प्लेयर्स को आजमाने का फैसला लिया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सितंबर-अक्टूबर में अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है। इन सीरीज से कगिसो रबाडा, केशव महाराज, एनरिक नॉर्त्या, मार्को यानसन, तबरेज शम्सी, जेराल्ड कूट्जी, डेविड मिलर और हेनरिक क्लासन को टीमों में शामिल नहीं किया है, जबकि ऑलराउंडर जैसन स्मिथ, नकबायोमजी पीटर और एंडले सिमलेने जैसे युवाओं को जगह दी गई है। 20 दिन में 8 मुकाबले खेलेगी टीम, इनमें 6 वनडे 18 सितंबर से शुरू हो रहे इस दौरे में अफ्रीकी टीम 20 दिन में 8 मैच खेलेगी। इनमें 6 वनडे और 2 टी-20 शामिल हैं। टीम 18 से 22 सितंबर के बीच अफगानिस्तान से श्व में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर अबुधाबी जाएगी, जहां 27 और 29 को आयरलैंड के खिलाफ 2 टी-20 और 2 से 7 अक्टूबर तक 3 वनडे खेले जाएंगे।

## श्रीलंका ने 10 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट जीता

# पाथुम निसांका की सेंचुरी, लहिरु कुमारा को 6 विकेट; सीरीज 2-1 से इंग्लैंड के नाम

**लंदन. एजेंसी**

श्रीलंका ने इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट मैच जीत लिया है। टीम ने सोमवार को द ओवल टेस्ट में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया। श्रीलंका के लिए पहली पारी में फिफ्टी लगाने वाले पाथुम निसांका ने दूसरी पारी में शतक लगाया। टीम से लहिरु कुमार ने 2 पारियों में 6 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने पहली पारी में 325 रन बनाए। श्रीलंका पहली पारी में 263 रन ही बना सका और टीम 62 रन से पीछे रही। दूसरी पारी में इंग्लैंड 156 रन बनाकर सिमट गया और श्रीलंका को 219 रन का टारगेट मिला। श्रीलंका ने चौथे दिन 2 विकेट खोकर 40.3 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

2014 में जीता था आखिरी टेस्ट श्रीलंका ने आखिरी बार 2014 में लीड्स में इंग्लैंड को टेस्ट हराया था। तब टीम ने सीरीज भी 1-0 से जीती थी। लेकिन इस बार एक टेस्ट जीतकर भी श्रीलंका ने 3 मुकाबलों की सीरीज 2-1 के अंतर से गंवा दी। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 5 विकेट और दूसरा टेस्ट 190 रन से जीता था। चौथे दिन एक ही विकेट गंवाया श्रीलंका ने चौथे दिन के पहले सेशन में 94/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। निसांका ने 53 और कुसल मेंडिस ने 30 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। मेंडिस कुछ देर




बाद ही गस एटकिंसन का शिकार हो गए। उन्होंने 37 बॉल पर 39 रन बनाए।

निसांका ने सेंचुरी लगाकर जिताया 108 रन के स्कोर पर श्रीलंका ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां से निसांका ने एंजलो मैथ्यूज के साथ पारी संभाल ली। मैथ्यूज ने संभलकर बैटिंग की, लेकिन निसांका ने 100 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट मैंटेन किया। उन्होंने 107 बॉल पर अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। सेंचुरी लगाने के बाद निसांका ने ओली स्टोन को 2 सिक्स लगा दिए। उन्होंने मैथ्यूज के साथ तीसरे विकेट के लिए 111 रन की नॉटआउट पार्टनरशिप की और टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी।

## स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया

# नेशंस लीग फुटबॉल: रोनाल्डो ने पुर्तगाल को दिलाई जीत

**लिस्बन . एजेंसी**



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर खेलते हुए पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबॉल के मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ 2-1 से शानदार जीत दिलाई। हाफ टाइम के बाद मैदान पर उतरे रोनाल्डो ने 88वें मिनट में टीम के लिए निर्णायक गोल दागा। वहीं, मैच में स्कॉटलैंड के लिए स्कॉट मैक्टामिनय ने 7वें मिनट में गोल किया। जिसके बाद ब्रूनो फर्नांडीज ने 54वें मिनट में पुर्तगाल को 1-1 से बराबरी दिलाई।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से मोईन अली का संन्यास

**लंदन. एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली सफेद गेंद सीरीज के लिए टीम में नहीं चुने जाने से खफा इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया है। मोईन ने कहा, मैं 37 साल का हो गया हूं और ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली सफेद गेंद सीरीज के लिए मेरा चयन नहीं हुआ। मैंने इंग्लैंड के लिए काफी क्रिकेट खेला है अब अगली पीढ़ी का समय है, जैसा मुझे समझाया। मुझे लगा यही सही समय है अपने योगदान को विराम देने का।



## मेट्रो बाजार

# सप्लाई कम: इस साल 90 हजार तक जा सकती है चांदी

**नई दिल्ली. एजेंसी**



दुनियाभर की इंडस्ट्री में चांदी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की डिमांड और दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं। 5जी, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल और मेडिकल डिवाइसेज में चांदी का इस्तेमाल बढ़ रहा है। सिक्युरिटीज के कमोडिटीज हेड अनुज कहते हैं कि इससे चांदी की वैश्विक सप्लाई कम पढ़ गई है। सर्वे के मुताबिक, लगातार पांचवें साल डिमांड के मुकाबले चांदी की सप्लाई में कमी देखी जा रही है। 2023 में डिमांड की तुलना में 4,026 टन चांदी की कमी थी। 2024 में इंडस्ट्रियल डिमांड की से मांग की तुलना में चांदी की 7,513 टन कम सप्लाई की आशंका है। चांदी बेहतरीन इलेक्ट्रिक कंडक्टर, न गलती है, न शॉर्ट होती है, इसलिए बढ़ रही मांग अनुज गुप्ता कहते हैं कि चांदी का कोई विकल्प नहीं है। ये इलेक्ट्रिक कंडक्टर बहुत अच्छा है। टीवी, मोबाइल में इस्तेमाल हो रहा है। मेडिकल उपकरणों में इस्तेमाल होता है। जंग नहीं लगता है। इसकी लाइफ अन्य इलेक्ट्रिक कंडक्टर के मुकाबले बहुत ज्यादा होती है। चांदी न तो गलती है और न शॉर्ट होती है। यह खूबी चांदी को एक सर्वोत्तम ऊर्जा स्टोरेज टेक सुपरस्टार बनाती है। इसका अल्टरनेटिव नहीं है। 1.5 लाख रुपए प्रति किलो तक जा सकती है चांदी की कीमत केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि दुनियाभर की इंडस्ट्री में चांदी की खपत बढ़ रही है। लेकिन डिमांड ज्यादा है और सप्लाई कम है। इसकी वजह यह है कि 10-12 साल चांदी चली ही नहीं, तो माइंस की लागत बढ़ गई। उत्पादन कम हुआ। अभी बढ़ते इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती के संकेट, चांदी में बढ़ते निवेश और बड़े देशों के बीच बढ़ते तनाव से भी डिमांड बढ़ रही है। भारत में आयात 3 गुना बढ़ा है। इसकी वजह से सितंबर 2025 तक दाम 1.25-1.5 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकते हैं।

# घरेलू औषधि रसायन कारोबार में 10 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

## दो लाख करोड़ रु. होने का अनुमान

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारत में दवा में उपयोग होने वाले रसायन बाजार के अगले दशक में 9 से 10 प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि होने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान जन औषधि केंद्र देश में बहुत मजबूत इकाई के रूप में उभर सकती हैं। घरेलू औषधि रसायन बाजार का आकार दो लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें पिछले दो दशकों में सालाना 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह अनुमान है कि ये जेनरिक खंड और जन औषधि केंद्र के विस्तार के साथ दस वर्षों में समग्र बाजार में इनकी 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हो सकती है।

**10,000 से ज्यादा जन औषधि केंद्र:** रिपोर्ट के मुताबिक जन औषधि खरीद की बाजार हिस्सेदारी अगले दशक में मात्रा के हिसाब से 3-5 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से लगभग 40-50 अरब रुपए हो सकती है। देश भर में 10,000 से ज्यादा जन औषधि केंद्र काम कर रहे हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# अनन्या पांडे का छलका दर्द, बोलीं- कितना भी अच्छा कर लो, लोग नेगेटिविटी ढूंढ ही लेते हैं



इन दिनों अनन्या पांडे अपनी वेब सीरीज 'कॉल मी बे' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि एक सेलिब्रिटी के तौर पर उन्हें हर कदम पर जजमेंट्स का सामना करना पड़ता है। एक इंटरव्यू में अनन्या ने कहा, हर किसी का एक नजरिया होता है, लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। हालांकि, मैंने समय के साथ काफी कुछ सीखा है और बदलाव किए हैं। अब मैं इन फालतू जजमेंट्स पर बिल्कुल ध्यान नहीं देती। आप कितना भी अच्छा कर लो, कोई न कोई नेगेटिविटी ढूंढ ही लेता है। इसलिए मैंने तय कर लिया है कि सिर्फ अपने काम पर ध्यान दूंगी। लोग जो कहना चाहते हैं, कहते रहें, इसका मुझ पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अनन्या ने फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, खूबसूरत दिखना ही ब्यूटी नहीं होता। मेरे लिए यह ज्यादा मायने रखता है कि आप भीतर से कैसे इंसान हैं और आप दूसरों पर क्या छाप छोड़ते हैं। बता दें कि कॉल मी बे अनन्या की पहली वेब सीरीज है, जिसे धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। इस सीरीज में उनके साथ विहान समात, वीर दास, वरुण सूद, लिसा मिश्रा और निहारिका लायरा भी नजर आए हैं।

# बचपन में ही *अक्षय* ने कह दिया था कि मैं हीरो बनूंगा



राजीव भाटिया से अक्षय कुमार बनने का सफर आसान नहीं था। एक्टर ने खुद को बरसों मांझा, हर वो काम किया जो इनके लक्ष्य की ओर बढ़ा सकता था। नतीजा कि आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा चेहरा हैं और फिल्में इनके नाम से बिकती हैं। जॉनर कोई भी हो अक्षय अपनी कारीगरी दिखा ही देते हैं। एक्शन हीरो से परफेक्ट कॉमिक टाइमिंग वाले किरदार में ढलने तक अक्षय सही मायने में कभी न क्षय होने वाली शसियत का नाम है। अक्षय सोमवार को 57 साल के हो गए हैं ,लेकिन जज्बा और जुनून अब भी जवान है। उनके जन्मदिन को बॉलीवुड स्टार, निर्माता और फैंस ने सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर कर सेलिब्रेट किया। वह मुंबई में बच्चों को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देने लगे। इससे वह महीने में 5 से 6 हजार रुपए आराम से कमा लेते थे। उन्हें इस दौरान कहीं से मॉडलिंग का ऑफर आया, फिर क्या था महीने में 5000 से 6000 हजार रुपए कमाने वाले युवा को एक दिन में 21 हजार रुपए का चेक मिला।

## • अपनी फिल्मों को बी-ग्रेड मानते थे गोविंदा

# सालों पहले कॉमेडी फिल्मों से रिटायरमेंट लेकर कहा था- मेरी फिल्मों को अच्छा नहीं कहा जाता

80-90 के दशक के मशहूर एक्टर रहे गोविंदा को उनकी कॉमेडी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हालांकि एक समय ऐसा रहा जब गोविंदा ने अपनी ही फिल्मों को बी-ग्रेड कहते हुए कॉमेडी फिल्मों से रिटायरमेंट ले लिया था। 2003 में कॉमेडी फिल्मों से रिटायरमेंट अनाउंस करते हुए गोविंदा ने रेडिफ से कहा था, मेरी फिल्मों को हमेशा टोटल टाइम पास या बी-ग्रेड समझा जाता है। उन्हें कभी अच्छी फिल्में नहीं कहा जाता। मेरी फिल्में अच्छा प्रदर्शन करें, तब भी उन्हें क्रिटिकली तारीफ नहीं मिलती थीं। मुझे बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में नॉमिनेशन मिलता था, लेकिन मैंने कभी जीता नहीं। उसके बाद कैटेगरी का नाम चेंज कर उसे बेस्ट एक्टर इन कॉमिक रोल कर दिया गया। मैंने सिचुएशन से लड़ने की कोशिश की, लेकिन फिर मैंने सोचा मैं क्यों लड़ूं, इसलिए मैंने बदलने का फैसला किया। आगे उन्होंने कहा था, अब से मैं कॉमेडी फिल्में नहीं करूंगा। अगर मैं करता भी हूं, तो स्क्रिप्ट फ्रेश और नई होनी चाहिए। मुझे एक ही तरह का लेखन पसंद नहीं है। एक और एक ग्यारह तक मेरा करियर ट्रेक रिकॉर्ड अच्छा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं ज्यादा कामयाब हूं या कम। जरूरी कामयाबी है। मुझे अपना नाम खराब नहीं करना चाहिए। इससे बाहर निकलने का यही सही समय है। गोविंदा ने फिल्मों के सिलेक्शन पर कहा था, मुझे अच्छा सिनेमा चाहिए। क्वालिटी राइटिंग और अच्छे डायरेक्टर होने चाहिए। लेकिन मेरे लिए ड्रीम रोल जैसा कुछ नहीं है।

## • रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स है फिल्म

# 'सिंघम अगेन' के सेट पर राक्षसों की पोशाक में दिखे हजारों लोग



रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म सिंघम अगेन दिवाली पर रिलीज होने वाली है। यह उनके कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है। फिल्म के रिलीज होने में काफी कम समय बचा है और इसी बीच ऐसी खबरें आई कि रोहित शेट्टी ने फिल्म के क्लाइमैक्स में बदलाव करने का फैसला लिया है। बता दें कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार रोहित शेट्टी विले पार्ले स्थित टोबैको फैक्ट्री में क्लाइमैक्स की शूटिंग कर रहे हैं, जहां इसके क्लाइमैक्स को फिल्माया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग के लिए एक बहुत बड़ा मंच बनाया गया है, क्योंकि इस दौरान एक नाटक की तरह के सीन शूट किए जाएंगे। क्लाइमैक्स में लोक कथाओं पर आधारित कुछ देखने को मिल सकता है, क्योंकि कई लोग राक्षसों की पोशाक पहने सेट पर मौजूद थे।

## राजधानी में विराजे श्रीगणेश


भोपाल,दोपहर मेट्रो। राजधानी के भानपुर चौराहा महाकाली गणेश उत्सव समिति की झांकी।


एमपी नगर जोन-1 व्यापारी संघ की झांकी।


शिवाजी नगर आजाद गणेश उत्सव समिति की झांकी।


रवि शंकर नगर की झांकी।



### बके का वार रोकने से हाथ की ऊंगली में आई चोट, आरोपी गिरफ्तार

# तलवारनुमा बके से हमला कर इंजीनियरिंग छात्र का मोबाइल लूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता मल्टी के पास पेट्रोल पंप के सामने रविवार शाम एक बदमाश ने इंजीनियरिंग छात्र पर तलवारनुमा बके से हमला कर मोबाइल फोन छीन लिया। घायल हालत में छात्र बिलखिरिया थाने पहुंचा और बदमाश के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कराया। लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और एक घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक कोकता मल्टी, बिलखिरिया निवासी चित्रशाह मरकाम (21) निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। रविवार शाम करीब सात बजे वह सब्जी मार्केट से सब्जी लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान मल्टी के पास पेट्रोल पंप के सामने एक बदमाश ने उसे रोक लिया और तलवारनुमा बका दिखाकर रुपए मांगने लगा। चित्रशाह ने रुपए देने से इनकार किया तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया और बके से हमला कर दिया। एएसआई हरिशंकर तिवारी ने बताया कि फरियादी छात्र ने अपने बाएं हाथ से बके का वार रोक लिया था। इसलिए उसके हाथ की ऊंगली में चोट आई है। धारदार हथियार से हमला करता देख छात्र चित्रशाह मरकाम डर गया। इस बीच बदमाश ने उसका मोबाइल छीन लिया और जेब में रखे तीन सौ रुपए नगद भी निकाल लिए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ। लहूलुहान हालत में फरियादी बिलखिरिया थाने पहुंचा और अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज करा दिया। प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई और घेराबंदी कर लुटेरे को हिरासत में ले लिया। आरोपी का नाम प्रशांत पालवी (21) निवासी कोकता बिलखिरिया बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गुंडा बदमाश है। उसके खिलाफ पिपलानी थाने में मारपीट के कई प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा मोबाइल, नगदी व धारदार बका बरामद कर लिया है।

# सड़क पार कर रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नई जेल रोड पर रविवार रात तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अल-सुबह मौत हो गई। हादसे के बाद से आरोपी चालक फरार है। मर्ग कायम कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जिला मंडला निवासी नन्हे लाल (50) मेहनत-मजदूरी करते थे। करीब एक सप्ताह पूर्व वह मंडला से भोपाल अपने दामाद के पास आए थे। उनका दामाद ट्रूबा कॉलेज के पास झुग्गीबस्ती में रहता है। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र बहादुर ने बताया कि रविवार रात करीब सवा नौ बजे नन्हे लाल अपने दामाद के साथ सब्जी-भाजी लेने करोंद चौराहा गए थे। वहां से वह ऑटो से लौटे और ट्रूबा कॉलेज के सामने नई जेल रोड पर उतरकर सडक पार करने लगे। वह थोड़ा आगे थे जबकि दामाद पीछे आ रहा था। सडक पार करते समय जेल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। दामाद ने वहां मौजूद लोगों की मदद से नन्हे लाल को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। सुबह करीब छह बजे उनकी मौत हो गई। आरोपी चालक की तलाश के लिए घटनास्थल और उस मार्ग की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर पांच साल तक करता रहा बलात्कार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमलानगर पुलिस ने 31 साल की पीड़िता की शिकायत पर उसके कथित प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। शादी का प्रलोभन देकर आरोपी पिछले पांच साल से दैहिक शोषण कर रहा था। दो दिन पहले हुए विवाद के बाद उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 31 साल की युवती अविवाहित है और प्राइवेट नौकरी करती हैं। साल 2018 में युवती की मुलाकात सुमित चिरमोलिया नामक युवक से हुई थी। सुमित भी प्राइवेट नौकरी करता है। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस बीच अगस्त 2019 में सुमित ने युवती के साथ



जबरन संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जल्द ही शादी करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद वह लगातार युवती का दैहिक शोषण करता रहा। तीन दिन पहले युवती ने सुमित पर शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया।

# पांच घंटे गायब हुए पिता तो बेटी ने खा लिया जहर, मौत

### बेटी को पिता से था बहुत लगाव, सात दिन तक बोली नहीं थी...

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के बालमपुर इलाके में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। रविवार देर रात इलाज के दौरान करोंद स्थित निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि युवती को अपने पिता से बहुत अधिक लगाव था। घटना वाले दिन पिता बिना बताए पांच घंटे गायब रहे थे। युवती को अनहोनी की आशंका हुई और दुखी होकर उसने घर में रखी कोई जहरीली दवा खा ली थी। मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक बालमपुर सूखी सेवनिया निवासी लालाराम मीना खेती-किसानी करते हैं। उनकी 20 साल की बेटी श्रीबाई मीना ने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। विगत पांच सितंबर की शाम को गंभीर हालत में श्रीबाई मीना को करोंद स्थित निजी अस्पताल में



भर्ती कराया गया था। रविवार रात इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि श्रीबाई अपने पिता से बहुत प्रेम करती थी। विगत पांच सितंबर को पिता काम करने खेत पर गए थे। लेकिन करीब पांच घंटे तक वह घर नहीं लौटे। वह खेत पर भी नहीं मिले। श्रीबाई मीना पिता के गायब होने पर दुखी हो गई थी। उसे लगा कि पिता को कुछ हो गया है। पिता के गम में दुखी बेटी ने घर में रखी फसलों पर छिड़कने वाली जहरीली दवा खा ली। हालांकि कुछ समय बाद पिता घर लौट आए थे। वह किसी जरूरी काम से बिना बताए चले गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि श्रीबाई मीना को अपने पिता से बेहद लगाव था। एक बार सड़क हादसे में लालाराम मीना के दोनों पैर फ्रेक्चर हो गए थे। उस समय श्रीबाई मीना इतनी दुखी हुई थी कि सात दिन तक किसी से बात नहीं की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन करेगा स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

### नियमितीकरण एवं पीबीआई को सैलरी में मर्ज करने सहित विभिन्न मांगें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में लगभग 10 हजार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ )आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 11 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ 17 प्रकार की जांचे भी कर रहे है। सीएचओ की पोस्टिंग के बाद प्रदेश के प्रत्येक गांव के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आज चिकित्सा सुविधाएं मिल रही है साथ ही उच्च रक्तचाप, शुगर, जैसे रोगों की समय पर स्क्रीनिंग हो रही है जिससे की इन घातक बीमारियों पर कंट्रोल समय पर किया जा रहा है। इसके अलावा ओपीडी, एनसीडी, एएनसी क्लिनिक के माध्यम से ग्रामीणों को सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रदेश में नियुक्त सामूदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो के अथक प्रयासों एवं कड़ी मेहनत से देश में हमारा प्रदेश लगभग प्रत्येक राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अव्वल नंबर पर अपना स्थान बना कर स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे रहा है। चूंकि केडर में नर्सिंग के साथ साथ आयुर्वेद चिकित्सक भी शामिल है, परंतु वर्तमान में उलडड2 का ग्रेड पे नर्सिंग के अनुसार दिया जा रहा है, जिसमें की संशोधन की आवश्यकता है। प्रदेश में सीएचओ का सबसे प्रमुख मुद्दा पीबीआई (परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव) को सैलरी में मर्ज करने को लेकर है क्युकी पीबीआई वेरीफिकेशन से लेकर प्राप्त होने तक भ्रष्टाचार हो रहा है एवं एक एक साल तक पीबीआई प्राप्त नहीं होता है। इसके साथ ही सीएचओ स्वास्थ्य की रीड की हड्डी है, प्रत्येक कार्य में अपना शत प्रतिशत देने के साथ साथ पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से स्वास्थ्य सेवाओं का सफल संचालन प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा किया जा रहा है अतः जल्द ही इन्हें नियमित किया जाए।

# मंगेतर की हादसे में मौत के बाद युवती ने भी दे दी जान

**भोपाल.** राशिका पटेल मूलतः रायसेन की रहने वाली थी। वह भोपाल में एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। उसके मंगेतर की बाड़ी में एक हादसे में मौत हो गई थी। इससे वह तनाव में थी। सहेलियों ने राशिका के मां और पिता को इसके बारे में बताया था, बेटी के तनाव की बात सुनकर मां और पिता भोपाल आ गए थे। रातभर वह बेटी को समझाते रहे, लेकिन बेटी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। सुबह राशिका को फांसी के फंदे पर लटका देखा।

# स्कूल बस चालक और परिचालक को याद दिलाई सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की नगरीय यातायात पुलिस ने पुराने कंट्रोल रूम में सोमवार को करीब 75 स्कूल बसों के चालक व परिचालकों को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया। आम लोगों को सडक सुरक्षा एवं यातायात संबंधी जागरूकता के उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जोन 1 व 2 विक्रम सिंह रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 3 व 4 बसंत कौल, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात जोन 3 देवेन्द्र सिंह यादव और स्कूलों के चालक-परिचालक तथा यातायात जागरूकता टीम मौजूद रही। यातायात टीम ने कार्यक्रम में मौजूद चालक व परिचालकों को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन की जानकारी दी, साथ ही उसका पालन कर वाहन चलाने की समझाइश भी दी।

# विद्यालय में 25 साल पूरा होने पर राजपूत सम्मानित

**भोपाल।** सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल तुलसी नगर में मदर मैरी का जन्म उत्सव मनाया गया। विद्यालय में 25 साल की सेवा पूरी कर चुके पीआरओ जगदीश सिंह राजपूत एवं अनीता का प्राचार्य सिस्टर मारिया माइकल ने साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। ये यह प्रस्तुतियां विद्यार्थियों के प्रति शिक्षकों के स्नेह को समर्पित थी। राजपूत ने विद्यालय में बिताए गए 25 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि विद्यालय से निकले हुए विद्यार्थी आज कई जगहों पर उच्च पदों पर सेवाएं दे रहे हैं उनकी उपलब्धियां देखकर बहुत अच्छा लगता है।








स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022